आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926
जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025




# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 90 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8
जयपुर, गुरूवार, 01 जनवरी, 2026

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना और आरती की। फिर राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। आरती के बाद रक्षामंत्री ने प्रभु श्रीराम को दंडवत प्रणाम किया। शंख-मंजीरों की गूंज और 'सीता राम, सीता राम' के भजन के बीच राजनाथ सिंह माता अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे। परकोटा के मंदिरों में पहली बार धर्म ध्वजा फहराई। पूरी रामनगरी भक्ति भाव में डूबी नजर आई। माहौल दो साल पहले प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन जैसा महसूस हुआ। इस बीच दोनों नेता अंगद टीला पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।

### चीन राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक उड़ा रहा-कांग्रेस

**नई दिल्ली।** चीन के भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाने के दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्टता की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी बेहद चिंताजनक है और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा- 4 जुलाई को सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत वास्तव में चीन का सामना कर रहा था। अगर चीन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़ा था, तब उसका भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता का दावा बेहद चिंताजनक है। ऐसे बयान हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मजाक उड़ाने जैसे लगते हैं।

### इंडिगो पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के ष्ट्त्रस्ञ्ज के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है। एयरलाइन के मुताबिक, कुल त्रस्ञ्ज मांग 458,26,16,980 है। कंपनी ने बताया कि जीएसटी विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) पर टैक्स मांग, ब्याज और जुर्माना लगाया है, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी खारिज किया गया है।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

लो नया साल आ गया, नई रोशनी उमंग के साथ
मेहनत कर आगे बढ़ना है, किस्मत खुद हमारे हाथ
कड़वी बातें सब भूलनी होगी, बस यादें बातें प्रीत
मिलजुल कर नयाअध्याय लिखें, तय करके नई

..मुखिया जी

# नव वर्ष 2026 का हुआ आगाज

## आतिशबाजी के साथ हुआ नए साल का स्वागत



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में नए साल का स्वागत आतिशबाजी के साथ हुआ। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में पारंपरिक आतिशबाजी देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे। वहीं, मेलबर्न के आसमान में 7 मिनट तक हुई आतिशबाजी शो ने शहर को रोशनी से भर दिया। इससे पहले न्यूजीलैंड का ऑकलैंड दुनिया का पहला प्रमुख शहर बना, जहां साल 2025 ने दस्तक दी। दुनिया के सबसे पूर्वी हिस्से में स्थित होने के कारण, न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न मनाया जाता है। यहां देश के सबसे लंबे स्काई टावर पर हजारों लोगों ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। दुनियाभर में अलग-अलग टाइम जोन के कारण 29 देश ऐसे हैं जो भारत से पहले नए साल का स्वागत किया। इनमें किरिबाती, समोआ और टोंगा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, जापान इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देश हैं।

### किरिबाती ने 2026 में सबसे पहले मनाया नए साल का जश्न



**नई दिल्ली।** दुनिया के एक छोटे से द्वीप देश किरिबाती ने नए साल का इस्तकबाल बड़ी आन-बान-शान से कर दिया है। भारत से करीब साढ़े आठ घंटे पहले यहां नए साल के जश्न में लोग डूबे देखे गए। किरिबाती 33 एटोल (एटोल का मतलब होता है गोलाकार कोरल रीफ) से बना है—प्रशांत महासागर के 3.5 मिलियन वर्ग किमी (1.4 मिलियन वर्ग मील) से अधिक क्षेत्र में फैला है। 1994 में, किरिबाती—जिसका उच्चारण 'किरिबास' किया जाता है—ने अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के पार टाइम जोन बदल दिया, ताकि सभी 33 द्वीपों में एक ही तारीख हो (पहले अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के पूर्वी तरफ कुछ द्वीप थे)। प्रशांत द्वीप देशों समोआ, टोंगा, और टोकेलाऊ—जो ऑकलैंड से लगभग 3,500 किमी उत्तर में न्यूजीलैंड का एक आश्रित क्षेत्र है—ने भी जश्न के साथ 2026 का स्वागत किया है। इनके बाद न्यूजीलैंड ने भी नए साल का स्वागत आतिशबाजी से किया। ऑकलैंड ने स्काई टॉवर पर रंगीन आतिशबाजी के साथ नए साल को रोशन किया। पांच मिनट के इस शो में 240 मीटर (787 फीट) ऊंचे टॉवर, जो न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची इमारत है, की अलग-अलग मंजिलों से 3,500 पटाखे चलाए गए।



### नया साल 2026 : काशी-अयोध्या-वृंदावन में 10 लाख श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** नए साल से पहले देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में 3 लाख और वृंदावन में 4 लाख भक्त मौजूद हैं। राजस्थान के जैसलमेर में पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा भीड़ है। सीकर के खाटूश्यामजी में नए साल के मौके पर 72 घंटे दर्शन होंगे। उज्जैन के महाकाल लोक में कल साल के पहले दिन 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ है।

## नए-साल से 61 आईएएस और 40 आईपीएस अफसरों का प्रमोशन

### आईएएस अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता सहित 4 बने एसीएस

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नए साल में राजस्थान के 61 आईएएस, 40 आईपीएस और 23 आईएफएस के अधिकारी पदोन्नत होंगे। कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। आईएएस अजिताभ शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश कुमार और राजेश कुमार यादव अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर पदोन्नत होंगे। इन अफसरों को अबाउट सुपर टाइम स्केल से चीफ सेक्रेटरी की वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। इसी तरह से आईपीएस प्रफुल्ल कुमार और आईपीएस राघवेन्द्र सुहासा एडीजी के पद पर पदोन्नत होंगे। सभी अधिकारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। नवीन जैन और केके पाठक को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है। इन्हें सुपर टाइम से अबाउट सुपर टाइम पे स्केल में प्रमोट किया है। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी सहित 11 आईएएस को सिलेक्शन स्केल से सुपर टाइम स्केल में प्रमोट किया गया है। प्रकाश राजपुरोहित, इंद्रजीत सिंह, नेहा गिरी, विश्व मोहन शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, नलिनी कठोतिया, राजेंद्र विजय, शक्ति सिंह राठौड़, प्रज्ञा केवलरमानी और महावीर प्रसाद को सुपरटाइम स्केल में प्रमोशन दिया गया है। 22 आईएएस अफसरों को आईएएस की जूनियर स्केल से सिलेक्शन स्केल में प्रमोट किया गया है।

## चमोली में सुरंग में टकराई दो लोको ट्रेनें, 70 घायल

**चमोली।** चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी जल विद्युत परियोजना क्षेत्र में बनी सुरंग के अंदर मंगलवार रात करीब 9 बजे दो लोको ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिसमें 70 मजदूर घायल हो गए हैं। जिनमें से 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के समय ट्राली में करीब 110 इंजीनियर, कर्मचारी और मजदूर सवार थे, जो अपनी शिफ्ट पूरी कर वापस लौट रहे थे। हादसे में घायल हुए लोगों में से 70 को जिला अस्पताल गोपेश्वर और 17 को विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में भर्ती कराया गया है। 66 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। चार श्रमिकों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीपलकोटी के विवेकानंद चिकित्सालय में 18 श्रमिकों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया।

## साल के आखिरी दिन कश्मीर में बर्फबारी

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 148 फ्लाइट कैंसिल, 150 में देरी

**नई दिल्ली।** साल के आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हुई। इसका असर मैदानी राज्यों पर नजर आ रहा है। हिमाचल में के लाहौल स्पीति में 30 दिसंबर की शाम से बर्फबारी जारी है। यहां तापमान -10 डिग्री तक जा सकता है।

मध्य प्रदेश में शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 1.7 डिग्री रहा। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में रात का तापमान 2 डिग्री पहुंचा। अंबिकापुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में ओस जम गई। 4 संभाग कोल्ड वेव की चपेट में हैं। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच 2 दिन बारिश की भी चेतावनी है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार की सुबह घनी धुंध के



साथ हुई। दिल्ली के कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य रही। आईजीआई एयरपोर्ट पर आज 148 फ्लाइट कैंसिल की गई हैं। 150 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि CAT III लागू किया गया है। फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। फ्लाइट कैंसिल भी हो सकती हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर बुधवार को 6 फ्लाइट रद्द की गईं। इनमें इंडिगो की 1, एअर इंडिया की 3 और एअर इंडिया एक्सप्रेस की 1 फ्लाइट शामिल है।

स्पाइसजेट की 1 फ्लाइट ऑपरेशनल कारणों से कैंसिल की गई है। मध्य प्रदेश में तेज सर्दी जारी है। राज्य के पूर्वे हिस्सों जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में असर ज्यादा है।

## श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा

### परिक्रमा मार्ग में उमड़ा जनसैलाब, गिरिराज जी महाराज के लगे जयकारे

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को सपरिवार डीग स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर से गोवर्धन पर्वत की लगभग 21 किलोमीटर की सप्तकोसीय परिक्रमा भक्तिभाव से पूरी की। मुख्यमंत्री ने सामान्य श्रद्धालु की तरह 'पांच दंडवती' (साष्टांग प्रणाम) लगाकर ब्रज की पावन धरा पर आराध्य देव गोवर्धन गिरिराज जी महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने मुखारविंद, मानसी गंगा एवं दानघाटी




मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। परिक्रमा के दौरान श्री शर्मा का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर सभी से आत्मीयता के साथ रामा-श्यामा की। पूरा परिक्रमा मार्ग 'बोलो गिरिराज महाराज की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इससे पहले गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगणों ने पूंछरी का लौठा स्थित हैलीपेड पर मुख्यमंत्री की अगवानी की।



## एक लॉन्चर से बैक-टु-बैक 2 प्रलय मिसाइल लॉन्च

**बालासोर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बुधवार को ओडिशा तट के पास प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान एक ही लॉन्चर से बैक टु बैक दो प्रलय मिसाइलें (सल्वो लॉन्च) दागी गईं। मिसाइलों की पूरी उड़ान पर नजर रखने के लिए चांदीपुर में स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के सेंसर लगाए गए थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण सुबह करीब 10:30 बजे किया गया। 7500 किमी. की रफ्तार वाली यह मिसाइल 1000 किलो बारूद ले जा सकती है। यह मिसाइल भारत के प्रमुख सेना कैंप फिरोजपुर, जैसलमेर, भुज से पाकिस्तान के 10 बड़े शहर लाहौर, फैसलाबाद, गुजरांवाला, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, बहावलपुर, मुल्तान, लाहौर, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की सामरिक मिसाइल क्षमता के लिए एक अहम उपलब्धि बताया है। प्रलय शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है और पूरी तरह स्वदेशी है और डीआरडीओ ने ही इसे बनाया है।



हुक्मनामा समाचार रोजाना अपने वाट्सअप पर प्राप्त करने के लिए 9828010551 पर मैसेज करे

## शिक्षक संघ की प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय मीडिया कार्यशाला का सम्पन्न

# डिजिटल व प्रिंट मीडिया प्रशिक्षण से सशक्त होगा संगठन का प्रचार तंत्र : दर्शन भारती

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय) की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला 31 दिसंबर बुधवार को प्रिंस एकेडमी सीकर में संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेश भर से आए संभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए संगठनात्मक उपयोग की दृष्टि से मीडिया के महत्व को समझते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मीडिया प्रभारी दर्शन भारती ने मीडिया कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा की संगठन के विचारों एवं गतिविधियों का प्रभावी संप्रेषण आज के समय की महति आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न तकनीकी विधाओं एवं डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्मों




के माध्यम से राष्ट्रीय विचारों को प्रकाशित व प्रसारित करने की प्रक्रिया को वीडियो प्रस्तुति के जरिए समझाया। उन्होंने जिला स्तर पर मीडिया प्रकोष्ठ की नियमित बैठकों को अनिवार्य बताते हुए कहा कि प्रत्येक इकाई को अपना सुदृढ़ प्रचार तंत्र विकसित करना चाहिए जिससे कार्यकर्ता प्रबोधन और निरंतर संवाद से संगठन को मजबूती मिलती रहे। अतिरिक्त महामंत्री बसन्त जिन्दल ने मीडिया संभागियों को संबोधित करते हुए प्रेस विज्ञप्ति बनाने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति तैयार करते समय तथ्यात्मकता, स्पष्टता, भाषा की सरलता तथा समाचार मूल्य जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए, साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संगठन के विचारों और गतिविधियों का प्रसार उप-शाखा एवं संकुल स्तर तक सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से किया जाना आवश्यक है, ताकि संगठन का विचार जमीनी स्तर तक पहुंच सके। तकनीकी सत्रों में सुरेश बैरागी ने यूट्यूब के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार की विधियां समझाईं। राकेश शर्मा ने ट्विटर (एक्स) से संबंधित विभिन्न जानकारियां,कंटेंट निर्माण और प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। इन सत्रों से प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग की व्यावहारिक समझ मिली।

समापन समारोह में प्रिंस एकेडमी के निदेशक जोगेंद्र सुंडा ने कहा कि वर्तमान युग में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और संगठनों को समय के अनुरूप तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह ने दो दिवसीय मीडिया कार्यशाला की सफल व्यवस्थाओं के लिए संस्था निदेशक एवं सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के अंत में सभी मीडिया संभागियों ने संकल्प लिया कि वे प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग संगठन के विचारों एवं गतिविधियों को प्रभावी, सकारात्मक और जनहितकारी रूप में समाज तक पहुंचाने में करेंगे।

## अनुपमा जैन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि




**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत पोस्टमास्टर पन्नालाल जैन की सुपुत्री अनुपमा जैन को जयपुर के सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि पद्मसम्मानित एवं केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. मोहनलाल स्वर्णकार की मौजूदगी में समारोहपूर्वक प्रदान की गई। अनुपमा जैन को यह उपाधि चिकित्सा क्षेत्र में उनके द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं डीन गिर्राज प्रसाद सोनी के निर्देशन में ए स्टडी टू एसेस द इफेक्टिवनेस ऑफ हर्बल जिंजर टी ऑन रिडक्शन ऑफ मॉर्निंग सिकनेस अमंग फर्स्ट ट्राईमेस्टर प्राइमी मदर्स एट सिलेक्टेड हॉस्पिटल्स ऑफ जयपुर पर किए गए शोध कार्य के लिए प्रदान की गई।

## भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्पेशल टीम द्वारा बरोनी थाना क्षेत्र में अवैध विस्फोटक सामग्री के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री को जप्त कर अमोनियम नाइट्रेट 150 किलो सेफ्टी फ्यूज वायर के 6 बंडल में कुल 1100 मीटर वायर जप्त कर दो आरोपी सुरेन्द्र पुत्र भंवर लाल (48) पटवा निवासी करवर बूंदी पुलिस थाना करवर एवं सुरेन्द्र मोची पुत्र दुलीलाल (33) निवासी करवर पुलिस थाना करवर जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि बरोनी थाना क्षेत्र में अवैध विस्फोटक सामग्री के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कारवार बूंदी के रहने वाले दोनों आरोपी बूंदी से टोंक विस्फोटक सामग्री की सप्लाई देने के लिए आ रहे थे, जिला विशेष टीम को मुखबीर से इतला मिली, जिस पर बरोनी थाना क्षेत्र में डीएसटी द्वारा मारूति गाड़ी से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई, जिसमें अमोनियम नाइट्रेट 150 किलो जो कि यूरिया खाद के कट्टों में छुपा कर रखा था, इसके अलावा 200 सेफ्टी फ्यूज वायर के 60 बंडल, जिसमें एक बंडल में करीब 183 मीटर वायर कुल 1100 मीटर वायर जप्त किये गये है।

## साक्षरता जागरूकता वाहन रवाना



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय स्थित जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा कार्यालय से जन सामान्य को साक्षरता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साक्षरता जागरूकता वाहन जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेश कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार दीक्षित, साक्षरता ब्लॉक समन्वयक पुरुषोत्तम जायसवाल, आबेदा कैफ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नए साल पर रणथंभौर में उमड़ा सैलानियों का सैलाब, 5 जनवरी तक टाइगर सफारी फुल

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाघों की अठखेलियों के लिए देश-विदेश में विख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क में नए साल और शीतकालीन अवकाश के चलते पर्यटकों का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। बड़ी संख्या में देशी व विदेशी सैलानी नए साल को यादगार बनाने के लिए रणथंभौर पहुंच रहे हैं, जिससे आगामी एक सप्ताह तक टाइगर सफारी की बुकिंग पूरी तरह फुल हो चुकी है। रणथंभौर में प्रतिदिन करीब साढ़े तीन हजार पर्यटक टाइगर सफारी का आनंद ले रहे हैं। सुबह व शाम की दो पारियों में वन विभाग द्वारा प्रतिदिन 140-145 जिप्सी व कैंटर पार्क भ्रमण पर भेजे जा रहे हैं, इसके बावजूद भारी भीड़ के कारण सैकड़ों पर्यटक ऐसे भी हैं जिन्हें सफारी नहीं मिल पा रही है। जंगल भ्रमण के दौरान पर्यटक बाघ-बाघिनों की अठखेलियां और अन्य वन्यजीवों की शानदार साइटिंग देख रोमांचित हो रहे हैं, वहीं जिनकी बुकिंग कन्फर्म नहीं है, वे मायूस लौटने को मजबूर हैं।



जयपुर से परिवार संग आए पर्यटक समीर और सुमन ने बताया कि एडवांस बुकिंग के बावजूद अंतिम समय में टिकट कैंसल हो गया, जिससे वे दो दिन प्रयास करने के बाद भी टाइगर सफारी नहीं कर सके और निराश होकर लौटना पड़ा। अचानक रणथंभौर पहुंचे कई पर्यटकों को न तो सफारी मिल पा रही है और न ही होटल में कमरे, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिन पर्यटकों की बुकिंग पहले से कन्फर्म है, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही और वे आसानी से जंगल सफारी का आनंद उठा रहे हैं। पर्यटक महिलाओं का कहना है कि रणथंभौर का जंगल बेहद सुंदर है और यहां की टाइगर सफारी का अनुभव अविस्मरणीय है। साथ ही उन्होंने वन विभाग के प्रबंधन की भी सराहना की। इस संबंध में पर्यटन डीएफओ संजीव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में पर्यटकों की संख्या कहीं अधिक है। एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार एक पारी में सीमित वाहनों को ही जंगल में प्रवेश दिया जा सकता है, जिससे अचानक आने वाले पर्यटकों को दिक्कत हो रही है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए विभाग ने पांच अतिरिक्त वाहन भी लगाए हैं, लेकिन वे भी नाकाफी साबित हो रहे हैं।

## पूर्व विधायक जगदीश मीणा क्षेत्र के दौरे पर, नव वर्ष की पूर्व संध्या पर की लोगों से रामा- श्यामा



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगदीश मीणा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान पूर्व विधायक जगदीश मीणा ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर लोगों से रामा- श्यामा की। भावपुरा में आयोजित पोषबडा महोत्सव में पंगत प्रसादी ग्रहण की। अपने दौरे में पूर्व विधायक ने बूज ग्राम पंचायत के छापर की ढाणी में लोगों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी और लोगों का हाल-चाल पूछा। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद रामफूल सैनी व वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकिशोर बिहारिका बाढ़ बूज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## णमोकार महामंडल विधान का आयोजन आज



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** परम पूज्य गणाचार्य विराग सागर जी एवं पूज्य गुरुदेव आचार्य विनिश्चय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि प्रज्ञान सागर जी एवं मुनि प्रसिद्ध सागर जी महाराज ने आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया में चल रहे शीतकालीन प्रवास के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ...णमोकार महामंत्र का नियमित जाप करने से मन शुद्ध होता हैए विचार पवित्र होते हैं और जीवन में अहिंसाए सत्यए करुणा एवं समभाव का विकास होता है। यह महामंत्र आत्मकल्याण के साथ.साथ विश्व शांति का भी आधार है। समाज पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि को बुधवार को सायंकाल णमोकार महामंत्र का सामूहिक पठनए भक्तामर स्तोत्र का वाचन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं नववर्ष के पावन अवसर पर आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया में गुरुवार को प्रात: काल की बेला में शांति धारा एवं अभिषेक की क्रियाएं संपन्न होगी तत्पश्चात महामंत्र णमोकार महामंडल विधान का आयोजन होगा उसके पश्चात मुनि के प्रवचन उसके पश्चात आहार चर्या सम्पन्न होगी। इस अवसर पर मुनि की निअंतराय आहार चर्या नेमीचंद बनेठा एवं महावीर प्रसाद पारस ऊं वाले के यहां श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुई। धर्मसभा में अनिल सर्राफ, विकास अग्रवाल, मुकेश बरवास, ओम ककोड़, मनीष फागी, धर्मचंद दाखिया, अंकुर पाटनी, महावीर प्रसाद देवली, सुरेंद्र अजमेरा, ज्ञानचंद दाखिया सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 61 वां तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन सम्पन्न

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 61वाँ 3 दिवसीय प्रांत अधिवेशन बुधवार दिनांक 31 दिसंबर को पूर्णिमा विश्वविद्यालय परिसर जयपुर में अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ किया। नगर मंत्री आंधी विकास शर्मा नयाबास ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की शिक्षा नीति, युवाओं के लिए किए जा रहे नवाचारों तथा प्रदेश में प्रस्तावित 10 लाख सरकारी भर्तियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ऐतिहासिक योगदान की सराहना करते हुए आपातकाल के दौरान परिषद द्वारा युवाओं को दिए गए साहसिक नेतृत्व को भी स्मरण किया।

अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रोहित मीणा ने प्रदेश में कॉलेज छात्रसंघ चुनाव का मुद्दा पूरे दमखम के साथ उठाया। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि चुनाव नहीं कराए गए, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राज्य भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करेगी।

अधिवेशन में युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीरांगना रानी अब्बक्का चौटाका एवं आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा के शौर्य, त्याग और




राष्ट्रभक्ति को स्मरण कर युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। प्रांत अधिवेशन में जमवारामगढ़ एवं आंधी क्षेत्र से सह नगर मंत्री रोहित शर्मा, अंकित शर्मा, कोमल एवं प्रिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं की सक्रिय एवं उल्लेखनीय सहभागिता रही।

## एक नजर

### नए साल का जश्न रणथंभौर में मनाएगा गांधी-वाड्रा परिवार, राहुल व प्रियंका परिवार सहित होटल शेरबाग



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश के विख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क में इन दिनों सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। इसी बीच देश की प्रमुख राजनीतिक हस्तियां, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा अपने परिवार के साथ रणथंभौर स्थित होटल शेरबाग में ठहरी हुई हैं। गांधी-वाड्रा परिवार के रणथंभौर प्रवास को लेकर जिलेभर में खासा उत्साह और चर्चा बनी हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी-वाड्रा परिवार आगामी दो दिनों तक रणथंभौर में ठहर सकता है। आज 31 दिसंबर, वर्ष के अंतिम दिन की रात वे नए साल का जश्न होटल परिसर में ही मनाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस अवसर को परिवार खास और यादगार बनाने की पूरी तैयारी है। प्रियंका गांधी के पुत्र रेहान वाड्रा की सगाई को लेकर भी गांधी-वाड्रा परिवार पहले से ही देशभर में सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स और सूत्रों के अनुसार रणथंभौर प्रवास के दौरान रेहान और अविवा बैग की रिंग सेरेमनी की अनौपचारिक रस्म भी नए साल के मौके पर निभाई जा सकती है, हालांकि इस संबंध में परिवार या जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गांधी-वाड्रा परिवार के ठहरने को लेकर होटल शेरबाग में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा होटल के चारों ओर तथा पहुंच मार्गों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी है कि होटल के आसपास अनावश्यक आवाजाही पर भी पूरी तरह से रोक लगाई गई है। गांधी परिवार का यह दौरा पूरी तरह निजी बताया जा रहा है। मंगलवार को पूरा दिन परिवार होटल परिसर में ही रहा और शाम को नए साल के जश्न की तैयारियों में व्यस्त रहा। प्रशासन पूरे मामले पर सतर्क और अलर्ट मोड पर है।

### नववर्ष 2026 सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए : जिला कलक्टर

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** के पावन अवसर पर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट काना राम ने सवाई माधोपुर जिले के समस्त निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं। उन्होंने कामना की कि यह नया वर्ष जिलेवासियों के जीवन में स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि



लेकर आए तथा रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी एवं चौथ माता की कृपा से प्रत्येक परिवार के लिए मंगलमय, सुरक्षित और खुशहाल सिद्ध हो। जिला कलक्टर ने कहा कि नववर्ष जिले के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और जनकल्याण की दिशा में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करे। उन्होंने विश्वास जताया कि आमजन के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से सवाई माधोपुर जिला प्रगति की नई ऊँचाइयों को छुएगा। साथ ही, उन्होंने जिलेवासियों से स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जिले में संचालित विकास गतिविधियों में सकारात्मक सहभागिता निभाने की अपील की। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी के सहयोग से ही एक सशक्त, संवेदनशील और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

नववर्ष मेला 2026 उन्नतीस दिसम्बर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक

### विभिन्न अंचलों से आमंत्रित लोक कलाकारों द्वारा सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर गोगाजी गोगामेडी नववर्ष मेला 2026 उन्नतीस दिसम्बर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक के कार्यक्रमों की श्रखला में पंच-गौरव कार्यक्रम (एक जिला एक पर्यटन) के तहत भव्य शोभा यात्रा के साथ लोक कला संस्कृति प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आमत्रित लोक कलाकारों द्वारा सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सर्वप्रथम मशकवादन दल सूरतगढ, सजे-धजे रोबीले ग्रुप बीकानेर पंच-गौरव का बैनर लिये हुए शोभा यात्रा के क्रम में शेखावटी श्रेत्र की प्रसिद्ध कला चंग ढप, गोगाजी की स्तुति करते हुए सरदारशहर का डेरू ग्रुप, पाबूसर चूरू का ढोल थाली ग्रुप, बीन बासुरी भपंग के स्थानीय कलाकार के साथ कच्छी घोड़ी लोक नृत्य बीकानेर ग्रुप द्वारा अपनी रंगारग प्रस्तुतियां दी गई। शोभा यात्रा में सजे-धजे उंटों का काफिला, नाचते-गाते कलाकारों के साथ गोरख टीला से श्रीगोगाजी मंदिर तक पहुंचे। साथ ही देवस्थान विभाग द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान मंहत रूपनाथ द्वारा माला पहनाकर विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक संजीव बेनीवाल विधानसभा क्षेत्र भादरा, उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्टेऊट (मेला मजिस्टेऊट) नोहर, पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चैधरी, उपाध्यक्ष संजीव कटेवा, थानाधिकारी सन्तोष, पूर्व संरपच मागू सिंह, ओम प्रकाश सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग मय देवस्थान टीम जिला पर्यटन अधिकारी बीकानेर पवन कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### पीयूष जीपीएल 10 ड्रेस और पोस्टर विमोचन कार्यक्रम

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** दिशा क्रिकेट क्लब के चेयरमैन शिवरत्न अग्रवाल के निज निवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी टीमों के ऑनर ने अपनी टीम की ड्रेस का विमोचन करते हुए नई दिशा सोसायटी द्वारा आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के माध्यम से क्रिकेट को जारी रखने पर खुशी व्यक्त की। संयोजक कपिल गौतम ने बताया कि दिनांक 3 जनवरी को तक्क्रू 10 का आगाज किया जाएगा जिसमें 6 टीमें भाग ले रही है। **एफसीए डॉमिनेटरस** के टीम मालिक अमित चौधरी, आलोक मालधनी, डॉ क्षितिज गुप्ता, हेमेंद्र तिवारी। **जीजीसी रॉयल रेंजर** के टीम मालिक रवि पुजारी, विक्की गुप्ता, चीनू भारद्वाज। **ओप्पो मास्टर ब्लास्टर** के टीम मालिक आदित्य भारद्वाज, अरविंद भारद्वाज **जीजीसी हंटर्स** के टीम मालिक सुरेंद्र मित्तल, साजिद खान, गणेश सोनी, लाला प्रॉपर्टी, रोहित जैमिनी **एसवीपीएस इलेवन** के टीम मालिक रोहित त्रिवेदी । **डीएस साइंस एकेडमी** के टीम मालिक डॉ उमेश शर्मा है साथ ही टूर्नामेंट के **कैच ऑफ द मैच**, **बॉलर ऑफ द मैच** के स्पॉन्सर सीपी हॉस्पिटल, **सिक्स ऑफ द मैच** के एचडीएफसी बैक शाखा स्टेशन रोड । **मैन ऑफ द मैच** बीएस बैट्री । **मैन ऑफ द सीरीज स्पॉन्सर** स्वामी ग्रुप **पर्पल कैप** ओम मेडिकल **ऑरेंज कैप** दिलीप तलवाड़ा एवं **टूर्नामेंट के मुख्य स्पॉन्सर** पीयूष न्यूरो एंड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉ योगेश गुप्ता है। विमोचन के उपरांत कमेटी सदस्यों की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें आयोजन से सम्बन्धित तैयारी का जायजा लिया गया।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में 11 राज्यों के 200 युवाओं ने भाग लिया

# युवा विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लें: वासुदेव देवनानी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे देश-दुनिया की विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहें और राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लक्षित ञ्च 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी और अहम भूमिका निभायें। साथ ही युवा अपने-अपने क्षेत्रों में भारत महान की अलख भी जगाए। देवनानी बुधवार को जयपुर के एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज में भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर के क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन अवसर पर शिविरार्थियों को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस शिविर में 11 राज्यों के 200 युवाओं ने भाग लिया।

जिसमें 100 छात्र और इतनी ही छात्राएं शामिल हुई। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने दक्षिण एशिया में हो रही घटनाओं की चर्चा करते हुए युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को सर्वोपरी मानते हुए अपने आपको राष्ट्र को समर्पित करने की भावना का विकास करें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता शिविर का मुख्य उद्देश्य भी युवाओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, भाईचारे और सद्भावना की भावना को सुदृढ करना ही है। यह शिविर भारतीय




विचारधारा के प्रतीक है जहां शिक्षा, संस्कार, संस्कृति सहयोग, सहभागिता, भाईचारा और सामाजिक उत्तरदायित्व एक साथ आगे बढते है। भारतीय संस्कृति इतनी अधिक सहिष्णुता वाली है जहां हम जीव मातृ पर दया कर चिटियों को भी आटा खिलाते है। साथ ही यह शिविर विविधता में एकता वाले हमारे देश में ' एक भारत श्रेष्ठ ' भारत की भावना को भी आगे बढाने वाला एक उपयोगी आयोजन है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहकारिता मंत्री ने की कार्यकर्ता सुनवाई

# सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की सुनवाई से समस्याएं होंगी दूर, संगठन होगा मजबूत, सरकार भी होगी सुदृढ़: गौतम दक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम दक ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की। मंत्री गौतम दक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता को सदैव प्राथमिकता दी जाती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों को संगठन के माध्यम से सत्ता के मंत्री प्राथमिकता दे रहे है, इससे क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी नई पहचान मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसी मंशा के साथ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई शुरू की है, इसके परिणाम भी अब आना शुरू हो गए है।

सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई में आने वाले परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की सुनवाई सरकार में होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ताओं की समस्याएँ दूर होंगी और उनके क्षेत्र की जन समस्याओं का



समाधान होगा तो संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है, वहीं मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई पूर्व की भांति निरंतर सुचारू है। प्रदेश के आमजन कभी भी मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई में आ सकते है। प्रदेश कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान पुलिस की वर्ष 2026 की प्राथमिकताएँ तय

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने वर्ष 2026 के लिए राजस्थान पुलिस की प्रमुख प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा है कि जन-सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और जनविश्वास को केंद्र में रखते हुए पुलिस तंत्र को और अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं तकनीक-सक्षम बनाया जाएगा। **अपराध संबंधी प्राथमिकताएं:** डीजीपी शर्मा ने बताया कि अपराध संबंधी प्राथमिकताओं के अंतर्गत संगठित अपराध के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की जाएगी। महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम राजस्थान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी, जिसमें त्वरित कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए उनकी रोकथाम और तकनीकी रूप से सक्षम अनुसंधान पर विशेष बल दिया जाएगा। **प्रशासनिक प्राथमिकताएं** प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए डीजीपी शर्मा ने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से पुलिस-जन संबंधों को और मजबूत किया जाएगा, जिससे पुलिस व्यवस्था अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बने। पुलिस कार्यों में आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग से कार्यकुशलता बढ़ाई जाएगी। पुलिस कार्मिकों की कार्यदशा, कल्याण और दक्षता में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही, पुलिस परिसरों में सामुदायिक सेवाओं को प्रोत्साहित कर समाज के साथ पुलिस की सहभागिता को नई दिशा दी जाएगी। डीजीपी शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2026 में इन प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन से राजस्थान पुलिस और अधिक जनहितकारी, सक्षम एवं उत्तरदायी बनेगी तथा राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा।

### शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन अथवा केन्द्र पर आने वाले बच्चों के लिये अवकाश के संबंध में निर्णय लेने हेतु जिला कलेक्टर्स अधिकृत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) वासुदेव मालावत ने बुधवार को एक आदेश जारी कर सर्दी और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चों के लिये अवकाश के संबंध में समुचित निर्णय लेने हेतु जिला कलेक्टर्स को अधिकृत किया है। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत के आदेश अनुसार वर्तमान में प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप के जारी होने की वजह से आंगनबाडी केन्द्रो पर आने वाले बच्चो को शीत लहर से बचाने के लिये सभी जिलों के जिला कलेक्टर उनके जिले की स्थिति के अनुसार आंगनबाडी केन्द्र संचालन के समय में परिवर्तन अथवा आंगनबाडी केन्द्र पर आने वाले बच्चो के लिये अवकाश के संबंध में समुचित निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया है।

## न्यूज विंडो

### राज्यपाल बागडे की नव वर्ष पर बधाई और शुभकामनाएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नव वर्ष 2026 के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि नव वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लिए हो। उन्होंने नये साल में हर पल, हर दिन कुछ नया करते हुए राष्ट्र और समाज के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने का आह्वान किया है।

### किशनपोल जोन में अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई

## चार निर्माणाधीन भवन सीज, अस्थाई अतिक्रमण को किया ध्वस्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम जयपुर के किशनपोल जोन में बुधवार को अवैध निर्माण को सीज एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई उपायुक्त किशनपोल जोन विजेंद्र सिंह के नेतृत्व एवं राजस्व अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्रवाई के संबंध में जोन उपायुक्त विजेंद्र कुमार ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध निर्माणों की शिकायत मिल रही थी। ऐसे में अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन कर किए गए अवैध निर्माणों को चिन्हित कर सख्त कदम उठाए गए। नगर निगम की टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ अवैध रूप से निर्मित चार भवनों को भी सीज किया। **इन भवनो को किया सीज** 'शास्त्री नगर क्षेत्र में टैगोर स्कूल के पास स्थित मकान संख्या ए-15ए में बिना अनुमति जी2 निर्माण पाए जाने पर भवन को सीज किया गया। 'इसी प्रकार चांदपोल क्षेत्र के बगरू वालों के रास्ते पर स्थित मकान संख्या 950 में किए गए जी3 अवैध निर्माण को भी सीज किया गया।

- चार दरवाजा स्थित जियाउद्दीन कालोनी में मकान संख्या 213 में जी2 का अवैध निर्माण सीज किया गया।
- गोपीनाथ मार्ग पर मकान नंबर 2 में बिना अनुमति निर्माणाधीन व्यवसायिक भवन को सीज किया गया।
- मनिहारी के रास्ते में मकान संख्या 54 पर सरकारी भूमि पर लकड़ी के अस्थाई निर्माण को हटाया गया।
- गोविंद राव जी का रास्ता में मंदिर के पीछे बनी अवैध दीवार और अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया।

नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नगर निगम ने आमजन से अपील की है कि वे भवन निर्माण से पूर्व संबंधित अनुमति अवश्य प्राप्त करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, जिससे शहर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

### नगरीय विकास कर बकाया होने पर चार सम्पत्तियों को किया कुर्क

## कार्यवाही के दौरान मौके पर ही 4 बकायादारों द्वारा 11 लाख 95 हजार 772 रूपये करवाये जमा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार उपायुक्त झोटवाड़ा/वैशाली नगर जोन श्रीमती मनीषा यादव के नेतृत्व में बुधवार को 9 सम्पत्तियों के नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्यवाही की गई जिसमें 4 सम्पत्तिधारकों द्वारा 11 लाख 95 हजार 772 रूपये की राशि मौके पर ही जमा करवाया। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी झोटवाड़ा/वैशाली नगर जोन एवं राजस्व टीम मौजूद रही। उपायुक्त झोटवाड़ा/वैशाली नगर जोन श्रीमती मनीषा यादव ने बताया कि 9 सम्पत्तियों को नगरीय विकास कर बकाया होने पर सम्पत्तियां कुर्क करने की कार्यवाही की गई जिसमें से 4 सम्पत्तिधारकों द्वारा मौके पर ही 11 लाख 95 हजार 772 रूपये की राशि जमा करवा दी गई जिसे राशि जमा कर मौके पर ही खोल दिया गया तथा शेष को ताला लगाकर कुर्की की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर नगरीय विकास कर का भुगतान करें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके और शहर के विकास कार्य सुचारू रूप से चलते रहें।

### जिला कलक्टर ने की जनगणना की तैयारियों की समीक्षा

# जिला परिषद सभागार में हुआ एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जनगणना-2027 को लेकर जयपुर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित एक दिवसीय शिविर में जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों की सूची एवं नक्शों के सत्यापन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य राष्ट्रहित से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण मई से जून 2026 के मध्य एक माह की अवधि में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के रूप में आयोजित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि वर्ष 2011 के बाद नवगठित राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर पालिका, नगर निगम जोन सहित सभी



प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं एवं नक्शों का गहन सत्यापन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

जिला कलक्टर ने सभी आयुक्त नगर परिषद एवं नगर जनगणना अधिकारी, जोन उपायुक्त एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, तहसीलदार तथा अधिशासी अधिकारियों को तत्काल 'जनगणना सेल' का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। शिविर में जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की टीम द्वारा बताया गया कि जनगणना-2027 पूर्णत: डिजिटल एवं पेपरलेस होगी। इस बार डेटा संकलन के लिए पेपर अनुसूचियों के स्थान पर मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी होगी। अधिकारियों को तकनीकी तैयारी एवं फील्ड लेवल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस बार प्रश्नावली में समयानुसार बदलाव किए गए हैं और नागरिकों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। इनमें परिवार के खान-पान की आदतें, घर में उपलब्ध डिजिटल संसाधन जैसे इंटरनेट, कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन तथा जीवन स्तर से जुड़ी जानकारियां—वाहन, मकान की संरचना, पेयजल स्रोत, शौचालय एवं रसोई में उपयोग होने वाले ईंधन आदि शामिल हैं।

# सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बने नाहरगढ़ जैविक उद्यान की टाइगर एवं लायन सफारी

- एक वर्ष में 3.73 लाख से अधिक पर्यटकों ने किया वन्यजीवों का दीदार
- 2 करोड़ 36 लाख से अधिक का राजस्व अर्जन की उपलब्धि भी की हासिल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजधानी जयपुर में स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभरते हुए राज्य के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। जयपुर भ्रमण पर आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के लिए नाहरगढ़ जैविक उद्यान के साथ-साथ यहां संचालित टाइगर एवं लायन सफारी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। प्राकृतिक हरियाली के बीच वन्यजीवों को उनके स्वाभाविक परिवेश में देखने का अनुभव पर्यटकों को रोमांच और आनंद से भर देता है। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 की अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान एवं सफारियों के माध्यम से कुल 3 लाख 73 हजार 869 देशी-विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों का दीदार किया। इस दौरान विभाग द्वारा 2 करोड़ 36 लाख 3 हजार 620 रुपये का उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया गया, जो उद्यान की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 3 लाख 39 हजार 433 पर्यटक पहुंचे, जबकि 18 हजार 831 पर्यटकों ने लायन सफारी एवं 15 हजार 605 पर्यटकों ने टाइगर सफारी का आनंद लिया। दोनों ही सफारियां पर्यटन सीजन के दौरान जयपुरवासियों सहित बाहर से आने वाले सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई हैं। शहर के समीप स्थित यह जैविक उद्यान प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली और वन्यजीवों का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां परिवार के साथ भ्रमण करने वाले पर्यटकों को न केवल मनोरंजन बल्कि वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी संदेश मिलता है। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मोनिका सोनी को नगर निगम उपायुक्त फायर पद से हटाया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर नगर निगम में फायर शाखा में काम को लेकर हो रही लापरवाही और पेंडेंसी को देखते हुए कमिश्नर गौरव सैनी ने एक्शन लिया है। उन्होंने एक आदेश जारी कर उपायुक्त फायर पद से मोनिका सोनी को हटाकर उनकी जगह प्रवीण कुमार को चार्ज सौंप दिया। सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ समय से मोनिका सोनी की लगातार शिकायत मिल रही थी। फायर शाखा में फाइलों की पेंडेंसी बढ़ने और फाइलों पर बिना डिसीजन किए उनका निरस्त करने के केस आए थे। इस शिकायत के बाद नगर निगम प्रशासन के पूनम के निर्देश पर नगर निगम कमिश्नर ने आज एक आदेश जारी करके उपायुक्त फायर के पद से मोनिका सोनी को हटा दिया। सोनी को राजस्व अधिकारी आदर्श नगर जोन लगाया है। **एक पद ऊपर करवा रखी थी नियुक्ति** वर्तमान में मोनिका सोनी का पद राजस्व अधिकारी का है, जबकि उनको सरकार ने उनके पद से ऊपर के पद पर लगा रखा था। इससे पहले भी सोनी के पद को लेकर काफी चर्चाएं रही थी। वे लम्बे समय तक नगर निगम में ही अलग-अलग विंग में उपायुक्त के पद पर रह चुकी है। इससे पहले उन्हें नगर निगम हेरिटेज में उपायुक्त गार्डन के पद पर भी नियुक्त किया गया था।

### अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अभियान-दो दिन में 12 एक्सक्वेटर

# 137 वाहन व 7028 टन खनिज जब्त, अलवर के पलियाना में निजी कंपनी पर बड़ी कार्रवाई जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के 20 जिलों में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाये जा रहे संयुक्त अभियान में पलियाना में अलवर सिक्सलेन निर्माण कार्य कर रही कंपनी द्वारा अवैध खनिज मिट्टी खनन पर जयपुर अधीक्षण अभियंता एनएस शक्तावत की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 73 लाख रुपए से अधिक के जुर्माने की कार्रवाई की जा रही हैं वहीं टोंक में भी रेल्वे ट्रेक के लिए काम कर रही निजी कंपनी द्वारा अवैध खनिज मिट्टी खनन कार्रवाई पर एक एक्सक्वेटर 4 डंपर जब्त किये हैं। नागौर के एमई जय गोदारा द्वारा रियाबड़ी में दो ट्रेक्टर बजरी के व खींवसर में दो डंपर चेजा पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए जब्त करते हुए करीब 3.50 लाख का जुर्माना लगाया गया है। जोधपुर के बड़ली क्षेत्र में खनिज सेंड स्टोन के क्वारी लाइसेंस के 40 हैक्टेयर क्षेत्र में अधीक्षण खनि अभियंता डॉ. देवेन्द्र गोड़ की टीम द्वारा ड्रोन सर्वे करवाया गया है। अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ संबंधित जिलों में संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जारी है। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि अरावली पर्वतमाला क्षेत्र के जिलों में 29 दिसंबर से अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जिला कलक्टरों द्वारा गठित संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों से जारी अभियान के दौरान दो दिन में ही उल्लेखनीय कार्रवाई करते हुए 150 से अधिक उपकरणों और वाहनों की जब्ती की जा चुकी है। अभियान के दौरान दो दिन में ही 155 से अधिक कार्रवाई कर 12 एक्सक्वेटर/जेसीबी/क्रेन व 137 डंपर-ट्रेक्टर आदि जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। 7 हजार टन से अधिक अवैध भंडारित खनिज की जब्ती के साथ ही करीब 30 लाख जुर्माना राशि राजकोष में वसूल की गई है। दो दिन में पुलिस थानों में 14 एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। अभियान के दौरान दो दिनों में सर्वाधिक कार्रवाई जयपुर एमई श्याम कापड़ी की टीम द्वारा करते हुए 27 कार्रवाई में दो एक्सक्वेटर सहित 27 वाहन की जब्ती व 4 एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। उदयपुर टीम द्वारा सर्वाधिक 4 एक्सक्वेटर 1 वाहन और 4167 टन अवैध भण्डारित खनिज की जब्ती की गई है। भीलवाड़ा एमई महेश शर्मा और पाली एमई व उनकी टीम द्वारा 16-16 कार्रवाई करते हुए वाहनों की जब्ती व खनिज जब्त किया गया है। अजमेर व ब्यावर में 10-10 कार्रवाई करते हुए क्रमश: 5 और 11 वाहनों की जब्ती व दोनों स्थानों पर मिलाकर 6 लाख से अधिक का जुर्माना



वसूला जा चुका है। निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान संबंधित सभी जिलों में संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई जा रही है। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस डॉ. धर्मेन्द्र लोहार द्वारा समन्वय किया जा रहा है। सभी फील्ड अधिकारियों को संयुक्त जांच दल से समन्वय बनाते हुए सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 4373125,8824399949 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### मनरेगा का भारी समर्थन



केंद्र सरकार ने जल्दबाजी में मनरेगा को रद्द कर दिया हो और उसके स्थान पर नया विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण (वी बी जी राम जी) अधिनियम लेकर आई है, उसे अनुचित बताया जा रहा है और माना जा रहा है कि उसमें कई खामियां हैं जबकि मनरेगा में गरीबों को प्रशासन से सामाजिक जवाब देही स्थानीय अभिजात्य वर्ग से समानता और समुदाय में आपसी सम्मान व सहमति मांगने की ताकत दी थी जबकि नियम आधारित अर्थव्यवस्था में सब कुछ नष्ट हो जाएगा। राजनीतिक दलों ने तुम मनरेगा को समाप्त करने की निंदा की है पर अब सामाजिक और अन्य संगठन भी इस मामले पर खुलकर सामने आ गए हैं केंद्र सरकार को 350 प्रबुद्ध लोगों ने इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिए एक पत्र लिखा है इनमें वैज्ञानिक शिक्षाविद, शोधकर्ता, सामाजिक समाज के संगठनों और समाज के सम्मानित लोग शामिल है जिनका कहना है कि मनरेगा को खत्म करने की बजाय इसके कार्यान्वन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

पत्र में कहा गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने और उसकी जगह विकसित भारत रोजगार गारंटी आजीविका मिशन ग्रामीण सी बी जी राम जी अधिनियम लाने के लिए जो तर्क दिए गए हैं वह खामियों से भरे हुए हैं पत्र में कहा गया है कि मनरेगा की मांग आधारित व्यवस्था एक क्रांतिकारी अवधारणा थी जो अधिकार आधारित रोजगार गारंटी के इसके सिद्धांत से जुड़ी थी यह एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है जहां गरीब अपने अधिकारों की मांग कर सकता है हाशिए पर खड़े लोगों को अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का अवसर मिलता है। सरकार पर यह भी आरोप हैं कि गांधी नाम को समाप्त करने के लिए उसने ऐसी योजना पर गाज गिरा दी।

वैभव लोढ़ा...

### इतिहास में आज

1862 – 'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया।
1915 – महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया।
1949 – कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई।
1971 – टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण प्रतिबंधित किया गया।
1992 – भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला-बदली की।

-धर्म चंद मेहता

### क्रॉस फायर

❑ **अमेरिकी थिंक टैंक की चेतावनी अगले साल फिर हो सकता है भारत-पाक युद्ध।**
◆ लगता है अमेरिका युद्ध करवा कर छोड़ेगा।

❑ **सोशल मीडिया के अश्लील कंटेंट पर केंद्र की कंपनियों को चेतावनी।**
◆ सुधर जाओ नहीं तो पर कतर देंगे।

❑ **अमित शाह बोले ममता बनर्जी घुसपैठ नहीं रोक सकती।**
◆ देश का गृहमंत्री बना कर देखो फिर मालूम पड़ेगा।

❑ **उड़ान रद्द होने पर सरकार की नई एडवाइजरी, फ्लाइट लेट तो खाना और रिफंड पक्का।**
◆ अब तो कंपनियां सुधर जाएगी।

❑ **भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।**
◆ जनसंख्या के हिसाब से तो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होना चाहिए।

❑ **बांग्लादेश में फिर हुई हिंदू युवक की हत्या।**
◆ सरकार तो इसको गिनती रहेगी।

❑ **कांग्रेस बोली एस आई आर की प्रक्रिया पूरे देश में पैदा कर रही है संदेह।**
◆ हर आदमी को उलझाना जो था।

❑ **कमीशन मांगने वाले विधायक डागा को फिर नोटिस।**
◆ बस नोटिस देते रह जाएंगे।

.............अंजू लोढ़ा

### आज का राशिफल

**गुरूवार 01 जनवरी, 2026**

**मेष राशि:** आज आप वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले। कानूनी समस्या सता सकती है। घर पर मेहमानों का आना दिन को बढ़िया और खुशगवार बना देगा।

**वृषभ राशि:** आज का दिन आपके लिए निवेश करने के लिए अच्छा साबित हो सकता है। कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं।

**मिथुन राशि:** आज आपको ज्यादा भाग-दौड़ करनी पड़ेगी पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्या के हल में से मदद मिलेगी। जीवन शैली पर हो रहें खर्चों में कमी जरूरी है।

**कर्क राशि:** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी। नौकरी में प्रगति के योग बनेंगे। ऑफिस में ज्यादा टाइम देना पड़ेगा। कोई आध्यात्मिक गुरु या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है।

**सिंह राशि:** आज स्वास्थ्य के लिहाज से आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अफसरों से संपर्क होगा। आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा।

**कन्या राशि:** आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने से मन अतिप्रसन्न होगा। वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला राशि:** आज आपका बिजनेस के लिहाज से उत्तम दिन है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक कि आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों। धार्मिक कार्य और यात्रा के लिए समय अनुकूल हैं।


**वृश्चिक राशि:** आज जो भी आपसे मिलें उसके साथ विनम्र और सुखद व्यवहार करें। बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं तो बेहतर रहेगा। आज प्रेमी संग शाम रोमांटिक रहेगी।

**धनु राशि:** आज अपने करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। कोई भी निर्णय लेने से पहले ठण्डे दिमाग से सोचें। उत्साह और चौकसी का गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में मदद करेगा।

**मकर राशि:** आज आपका स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता हैं। वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कार्यों में दिन बीतेगा।

**कुम्भ राशि:** आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज संतान का प्रति दुखी हो सकते है, आज विद्यार्थियों को किसी बात की उल्जन हो सकती है।

**मीन राशि:** आज आपकी सहायता कोई मित्र या रिश्तेदार करेगा, किसी धार्मिक स्थल पर जाने की सम्भावना है। आज आपका मन भटक सकता है अपनी प्रतिभा पर भरोसा रख कार्य करें।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# इतिहास की नजर में नये साल का सफर



- सैयद मुनव्वर अली

**आजकल एक जनवरी को नया साल शुरू होता है। दुनिया के ज्यादातर देशों में इसी को साल का पहला दिन माना जाता है। हर साल एक जनवरी को ही कलेण्डर और डायरियां बदली जाती हैं और दुनिया के देशों में यात्रा करने वाले यात्री इस कलेण्डर की तारीखों से ही चिट्ठी-पत्री लिखते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि अन्तर्राष्ट्रीय रूप से यह कलेण्डर सब देशों का माना जा सकता है। वैसे भारतवर्ष में विक्रम संवत्सर चलता है जिसके अनुसार हम होली, दीवाली आदि मनाते हैं। उसके पंचांग के अनुसार चैत्र मास में नया साल शुरू होता है, किन्तु हमारे यहां भी एक जनवरी से नया साल मनाने की परम्परा तब से शुरू हुई जब से अंग्रेजों ने अपना कलेण्डर इस देश में प्रचारित किया। एक जनवरी को शुरू होने वाले कलेण्डर में भी बारह महीने होते हैं और भारत के पंचांगों के हिसाब से भी साल में बारह महीने होते हैं। इस लिहाज से दोनों के कलेण्डर तो समान ही हैं, फर्क केवल वर्ष गणना का और साल-महीने शुरू होने का है।**

अर्थात भारत में संवत्सर या संवत् जिसे अंग्रेजी में इरा या इपोक कहते हैं, विक्रमादित्य के सिंहासन पर बैठने के साल से शुरू करते हैं, जिसे 2077 साल हो चुके हैं, जबकि ईसाई कलेण्डर ईसा के जन्म से सालों की गिनती शुरू करते हैं, जिसके हिसाब से 2023 साल बीत चुके हैं और 2024 का साल आज एक जनवरी से शुरू हो गया। चूंकि इस कलेण्डर को 2024 का कलेण्डर कहा जाएगा, इसलिए कुछ लोगों को यह भ्रम हो सकता है कि यह ईसाई कलेण्डर है, किन्तु यह सही नहीं है। इस कलेण्डर को ईसा की जन्म की तारीख से शुरू करने की परम्परा तो बाद में चली, किन्तु इस कलेण्डर की शुरुआत ईसा के जन्म से बहुत पहले ही रोम में हो चुकी थी। इस हिसाब से इसका सही नाम रोमन कलेण्डर है। यह माना जाता है कि विश्व का सुप्रसिद्ध शहर रोम जो यूरोप में (इटली में) है, जिस दिन स्थापित हुआ था, उस दिन रोमन कलेण्डर भी चला। इस प्रकार यह ईसा से लगभग एक हजार वर्ष पहले से चल रहा है। इसकी तारीखों और महीनों की व्यवस्था में फेरबदल सदियों से होते रहे हैं। इसलिए फेरबदल या सुधार करने वाले सम्राटों या धर्मगुरुओं के नाम से भी इस कलेण्डर को जाना जाता था। जैसे रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने इसमें सुधार किये थे, इसलिए इसे 'जूलियन कलेण्डर' भी कहा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से रोमन चर्च के पोप ग्रेगरी त्रयोदश ने चार सदियों पूर्व इसमें पूरी तरह सुधार करके इसकी व्यवस्था को वैज्ञानिक बनाया था और तभी से उसी रूप में विश्व के अधिकांश देश इसे मान रहे हैं, इसलिए आजकल इसे ग्रेगोरियन कलेण्डर के नाम से पहचाना जाता है। इसमें सामान्यतया साल में 365 दिन होते हैं।

जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर तथा दिसंबर महीने 31 दिन के होते हैं और फरवरी 28 का, शेष सारे महीने 30 दिन के होते हैं। तीन साल बीत जाने के बाद एक साल 366 दिन का मानना पड़ता है और उस साल फरवरी 29 दिन का होता है। ऐसे साल को लोंद का साल या लीप ईयर कहते हैं। इस प्रकार तीन साल के बाद एक दिन बढ़ाने से सूर्य और पृथ्वी की गति के हिसाब से गिनती ठीक बैठ जाती है। लीप ईयर के साल में फरवरी में एक दिन और बढ़ाना इसलिए जरूरी हो गया कि उसके बिना साल में केवल 365 दिन बनते हैं। पहले यह माना जाता था कि 365 दिन में पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा पूरी करती है, इसलिए 12 महीनों को 365 दिनों में विभाजित कर दिया जाता था, किन्तु वास्तव में पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 365 1/4 दिनों में पूरी करती है। इस हिसाब से हर चौथे साल एक दिन और बढ़ाना पड़ता है। इसका अर्थ यह हुआ कि यह कलेण्डर सूर्य और पृथ्वी के हिसाब से चलता है। इसलिए हर साल ऋतु परिवर्तन के साथ तालमेल रहता है। नवंबर से फरवरी तक सर्दी पड़ती है और अप्रेल से जून तक गर्मी, जुलाई से सितंबर तक वर्षा का मौसम होता है। कहते हैं सबसे पहले जब रोम में कलेण्डर की शुरुआत की गई थी, तब चन्द्रमा के हिसाब से साल की गिनती होती थी और साल में केवल 10 महीने होते थे, जो मार्च से शुरू होते थे और दिसंबर तक खत्म हो जाते थे। सम्राट रोमुलस ने रोम शहर बसाया था, ऐसा माना जाता है, जो ईसा से लगभग 800 वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो चुका था। उस समय महीनों के नाम उनकी गिनती के हिसाब से ही रखे जाते थे जैसे पांचवें महीने का नाम क्विंटिलस याने पांचवां, छठे का सेक्सटिलस याने छठा, सातवें का सेपटेम्बर, आठवें का अक्टूबर, नवें का नवंबर और दसवें का दिसंबर । इसके सितंबर से दिसंबर तक महीनों के नाम तो तब से अब तक यों ही यों चले आ रहे हैं। तीन हजार साल में भी नहीं बदले, वैसे और बदलाव बहुत से हो गये। यह रोमन कलेण्डर यूरोप में हजारों सालों से चल रहा है। जब यह अनुभव किया गया कि दस महिनों के वर्ष से ऋतुओं का तालमेल नहीं बैठता तो अगले सम्राट न्यूमा पोमपिलियस ने ईसा से लगभग 700 वर्ष पूर्व दो महीने और जोडक़र 12 महिनों का साल निर्धारित किया। लेकिन उस समय भी साल की शुरुआत मार्च महीने से होती थी। उस हिसाब से सितंबर से दिसंबर तक महिनों के नाम सही बैठ जाते थे, क्योंकि सितंबर का अर्थ सातवां, अक्टूबर का अर्थ आठवां, नवम्बर का अर्थ नवां और दिसम्बर का अर्थ दसवां महीना होता है। किन्तु ईसा से 153 वर्ष पूर्व मार्च की बजाय जनवरी से साल की शुरुआत करने की व्यवस्था घोषित की गई।

तभी से एक जनवरी को नये साल की शुरुआत होने लगी। उस समय यह ध्यान नहीं रहा कि सितंबर से दिसंबर तक के महीनों के नाम बदल दिये जायें। वे नाम आज तक यों ही चल रहे हैं। बाकी के नाम बदल गये। जनवरी महीने का नाम जैनस देवता पर पड़ा, फरवरी का फेबुवा नामक वर्ष के अंतिम भोज के आधार पर पड़ा, क्योंकि उस समय तक फरवरी को साल का अंतिम महीना माना जाता था। मार्च का नाम मारसियस था, जो मार्स यानी मंगल ग्रह के नाम पर पड़ा था। अप्रियर फूल खिलने को कहते हैं इसलिए वसंत ऋतु का नाम अप्रैलिस रखा गया। उसी को आज हम अप्रेल कहते है। मई का नाम मेजा देवी जो मेजस कहलाती है, के नाम पर पड़ा था, क्योंकि उसे बुध ग्रह को माता माना जाता और एक मई को उसे बलि चढ़ाई जाती है। जून महीने का नाम जूनी नामक देवता के नाम पर पड़ा था, जुलाई का नाम पहले किरिलम याने पांचवां महीना था, पर सम्राट जूलियस सीजर ने उसका नाम अपने नाम पर जुलाई रखा दिया, क्योंकि उसका जन्म जुलाई मास में हुआ था। अगस्त मास का नाम पहले सेक्टीलस यानी छठा महीना था, पर रोमन सम्राट आगस्टस सीजर ने उसका नाम आगस्ट रखा दिया, क्योंकि वह इसी माह में गद्दी पर बैठा था। सितंबर से दिसंबर तक महीनों के नाम गिनती के हिसाब से ही बने रहे, उसका नाम किसी ने भी नहीं बदला।

**2707 साल से चल रहा है कलेण्डर :** इस तरह 12 महीनों का कलेण्डर लगभग 2707 साल से चल रहा है। पहला साल किसे माना जाए अर्थात संवत्सर की गिनती किस साल से शुरू की जाए, इस बारे में समय-समय पर बदलाव अवश्य होते रहे। संवत् अर्थात ईरा कभी रोम बनने के साल से माना जाता था, कभी जूलियस सीजर जैसे किसी बड़े सम्राट के राजगद्दी पर बैठने के साल से। ईसाई धर्म के प्रचार के बाद ईसा के जन्म से संवत की गिनती होने लगी। अर्थात ईसा के जन्म वाले वर्ष को ईस्वी एक मानकर सालों की गिनती की गई, जिसके हिसाब से 2023 पूर हो चुके हैं। इससे यह आसानी से समझ में आ जाएगा कि ईरा वर्ष गणना अलग बात होती है और कलेण्डर यानी पंचांग अलग। साल में कितने महीने हों, किस महीने से साल की शुरुआत मानी जाए, इस बात को युग गणना, संवत, ईरा या ईपोक कहते हैं। चूंकि इस समय ईस्वी सन् की गणना ईस: जन्म से प्रारम्भ होती है इसलिए हिन्दी में हम 2023 लिखते स. ईस्वी सन् लिखते है। जैसे 2023 ई. अंग्रेजी में इसका संकेत ए.डी. द्वारा किया जाता है। विश्व के विभिन्न देशों के पत्र व्यवहार में तालमेल बना रहे, इस लिहाज से इस वर्ष गणना को अब सभी देशों ने मान लिया है। इसी प्रकार एक जनवरी से साल की शुरुआत मानने की व्यवस्था भी अब सभी देशों ने शुरु कर दी है। अन्यथा सदियों तक प्रत्येक नये साल की शुरुआत अपने हिसाब से अलग तारीखों को करता था। स्वयं इंग्लैंड की अदालतों और सरकार में भी 25 दिसंबर को नया साल शुरू होता था। बाद में 25 मार्च से इंग्लैण्ड में नया साल शुरू होने लगा, किन्तु 1751 में रोमन कलेण्डर के साथ तालमेल बिठाने के लिए इंग्लैण्ड ने तय किया कि अगला सरकारी साल एक जनवरी से शुरू होगा। तब से यानी 1752 ईस्वी से इंग्लैण्ड में एक जनवरी से नया साल शुरू होने लगा। फ्रांस में उस समय भी सितंबर से नया साल शुरू होता था, क्योंकि फ्रांस की राज्य क्रांति सितंबर में सफल हुई थी। किन्तु सन् 1806 से फ्रांस में भी एक जनवरी से ही नया सरकारी साल की शुरुआत होने लगी। अब सभी देशों में जो रोमन कलेण्डर का प्रयोग करते हैं, एक जनवरी से नया साल शुरु होता है। आइए, हम सब भी खुले दिल से स्वागत करें नये साल 2022 का।

# नववर्ष 2026 : नव चेतना, नव संकल्प और संतुलित जीवन की शुरुआत



-सुनील कुमार महला

**'नववर्ष प्रभात में बरसे, ईश्वर का शुभ आशीष अपार,**
**मार्तण्ड रश्मियों से जागे, नव-जोश, उमंग, नव-विस्तार।**
**खिले मन सभी के जग में, दु:ख-अवसाद का नाम न हो,**
**मंगलमय हो जीवन-पथ, शुभकामनाएं अविराम कहो।'**

अंग्रेजी वर्ष 2025, इकतीस दिसंबर को समाप्त हो गया और अब हम सभी वर्ष 2026 के नवप्रभात में प्रवेश कर गए हैं। वर्ष 2025 में हम सभी ने बहुत से संकल्प रखे, कुछ पूरे हो गए, कुछ अधूरे। जीवन का एक क्रम है, आदमी जो चाहे,वह सब कुछ पूरा हो जाए, ऐसा बहुत कम ही होता है। जीवन की धूप-छांव में कुछ पूरा, कुछ अधूरा चलता रहता है। आदमी का काम है-कर्म करना, निरंतर मेहनत और ईमानदारी से कर्तव्य पथ पर चलना। संघर्ष ही असली जीवन है। बिना संघर्ष के जीवन, जीवन नहीं है।जीवन में समस्याएँ आना स्वाभाविक है, उनसे डरना या घबराना समाधान नहीं है। असली फर्क इस बात से पड़ता है कि हम समस्या को देखने और उससे निपटने का दृष्टिकोण कैसा रखते हैं। मन के भीतर यदि अशांति, भय और नकारात्मकता है, तो वही बाहर की परिस्थितियों में भी दिखाई देगी और यदि मन शांत, संतुलित और स्वीकार भाव से भरा है, तो बाहरी समस्याएँ भी उतनी बड़ी नहीं लगेंगी। समय हर समस्या को बदल देता है, इसलिए किसी भी वर्तमान संकट को स्थायी मानकर भयभीत नहीं होना चाहिए। समस्या को कितना महत्व देना है, यह हमारे हाथ में है। साथ ही, अपने इष्टदेव और परमात्मा पर पूर्ण विश्वास और समर्पण रखना चाहिए, यह समझते हुए कि वही शक्ति भीतर आत्मा के रूप में विद्यमान है।

**हर स्थिति ईश्वर की ही व्यवस्था है-** जीवन में कुछ अच्छा हो तो उसे केवल अपना पुरुषार्थ कहना और बुरा हो तो ईश्वर पर डाल देना, यह सही दृष्टि नहीं है। वास्तव में हर स्थिति ईश्वर की ही व्यवस्था है। हमें परिस्थितियों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन प्रयत्न करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि प्रयत्न करना हमारा कर्तव्य है।संक्षेप में, यह विचार सिखाता है कि समर्पण, संतुलन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास-यही जीवन की समस्याओं से निपटने का सही मार्ग है। यदि जीवन में सबकुछ आसानी और सरलता से मिलता चला जाए, तो जीवन जीने की असली अनुभूति कभी होगी ही नहीं, इसलिए जीवन पथ पर ईश्वर ने पग-पग संघर्ष की भी रचना की तो पथ को सरल व आसान भी बनाया। नववर्ष के साथ अब हम नव शुरूआत करने जा रहे हैं।

हर वर्ष की भांति हर किसी के पास नये संकल्प हैं, नव ऊर्जा है, नया विश्वास है, जोश है, उमंग है। संकल्पों का तो जैसे उजास है। मन में बहुत कुछ संजोए रखा है, हम सभी ने नववर्ष के लिए। नववर्ष में हम बुरे समय को भूलें, कुछ नया व अच्छा करने की सोचें। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।बीते पलों, बीती बातों की धूल को झाड़कर नव संकल्प की पगडंडियां पकड़ें। आदमी के मन में संकल्प हो, दृढ़ विश्वास हो, सकारात्मक सोच हो, तो क्या संभव नहीं हो सकता है ? हमारी स्मृतियां हमें याद नहीं करनीं हैं, भूत; भूत होता है।हम वर्तमान में जीएं, भविष्य की चिन्ता छोड़ें।आगे क्या होगा, कैसे होगा, सब भूलें। वर्तमान ही जीवन है। भविष्य के पथ पर आगे बढ़ें, लेकिन भविष्य के लिए ज़्यादा सोचें नहीं। तनाव, अवसाद आदमी को कहीं का नहीं छोड़ता। चिंता किसी भी बात की नहीं करनी है। चिंता का फायदा क्या है ? जब कोई चीज़ हमारे वश में ही नहीं है, तो उस पर चिंता करके हम क्या कर लेंगे ?

**नववर्ष आत्ममंथन, आत्मसुधार और नई शुरुआत का पावन अवसर:-** कहना ग़लत नहीं होगा कि नववर्ष आत्ममंथन, आत्मसुधार और नई शुरुआत का पावन अवसर है। नव प्रभात की श्वेत किरणें जब धरती पर उतरती हैं, तो केवल अंधकार ही नहीं मिटता, बल्कि चेतना के भीतर नई संभावनाओं के बीज भी बोए जाते हैं। नववर्ष समय की देहरी पर खड़ा होकर हमें नई दिशाओं का आमंत्रण देता है। बीते कल की थकान को उतारकर यह उम्मीदों की चादर ओढ़ा देता है। हर सुबह नए स्वप्नों की सुगंध लेकर आती है और हर शाम विश्वास की लौ जलाती है। मन के आंगन में संकल्पों के दीप प्रज्वलित होते हैं।

टूटे अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ने का साहस इसी क्षण जन्म लेता है। नववर्ष प्रेम, करुणा और सौहार्द का मधुर संगीत रचता है। यह जीवन के सूखे पन्नों पर रंग भरने का अवसर देता है। मुस्कानें गहरी होती हैं और रिश्ते और मजबूत बनते हैं। नववर्ष हमें स्वयं से बेहतर बनने की प्रेरणा देता है। सचमुच, नववर्ष नई रोशनी, नई ऊर्जा और नए विश्वास की अनुपम शुरुआत है।बीता हुआ समय अनुभव बनकर हमारे साथ रहता है-जो टूटा, वह सीख बना; जो हारा, वह ज्ञान। याद रखिए कि हर विफलता के गर्भ से ही दृढ़ संकल्प जन्म लेता है।जीवन की राहें कई बार थका देती हैं, पर नववर्ष हमें फिर से साहस के साथ आगे बढ़ने का आमंत्रण देता है। जो स्वप्न अब तक मौन में सोए थे, वे शब्दों में ढलकर, कर्म के रूप में निखरने को तैयार हैं। संघर्षों की कठोर शिलाओं पर अब हम विश्वास, परिश्रम और धैर्य से अपना नाम लिखेंगे। यह समय रुकने या झुकने का नहीं, बल्कि हर अंधियारी को चुनौती देकर हार को जीत में बदलने का है, क्योंकि वास्तव में यही तो हमारे जीवन की सच्ची तैयारी है। नववर्ष 2026 में सबसे पहला संकल्प स्वयं पर अडिग विश्वास का हो। हमारे भीतर अपार शक्ति छिपी है, जिसे पहचानना और हर दिन निखारना आवश्यक है। जब व्यक्ति स्वयं पर विश्वास करता है, तो परिस्थितियां भी उसका मार्ग देने लगती हैं।

**अडिग हों हमारे संकल्प:-** याद रखिए कि इतिहास वही रचते हैं, जो अपने संकल्पों पर अडिग रहते हैं। इस नववर्ष में रिश्तों को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आधुनिक जीवन में आभासी दुनिया ने हमें स्क्रीन के करीब और अपनों से दूर कर दिया है। मोबाइल और सोशल मीडिया से थोड़ी दूरी बनाकर बुजुर्गों, अभिभावकों, रिश्तेदारों, मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना ही सच्चा सुख है। बुजुर्गों का अनुभव, माता-पिता का स्नेह और मित्रों का साथ जीवन को संबल देता है। इसलिए स्क्रीन डिटॉक्स को केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने का संकल्प लें।

प्रकृति के सान्निध्य में बिताया गया समय मन और तन दोनों को ही स्वस्थ करता है। खुली हवा में टहलना, पेड़ों, पक्षियों और वनस्पतियों के बीच समय बिताना हमें जीवन के मूल से जोड़ता है। नववर्ष में प्रतिदिन पैदल चलने, प्रकृति का आनंद लेने और पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने का संकल्प लें। पशु, पक्षियों और धरती के प्रति करुणा ही मानवता की सच्ची पहचान है। स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भी नववर्ष का महत्वपूर्ण लक्ष्य होना चाहिए। मोबाइल से दूरी बनाकर पर्याप्त नींद लें, संतुलित दिनचर्या अपनाएं और शरीर के संकेतों को समझें। योग, ध्यान और मेडिटेशन केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित रखने के साधन हैं। अध्यात्म हमें भीतर से मजबूत बनाता है और बाहरी तनावों से लड़ने की शक्ति देता है। नववर्ष हमें कुछ नया सीखने और सिखाने की प्रेरणा भी देता है। ज्ञान का आदान-प्रदान समाज को समृद्ध बनाता है। साथ ही धन और समय-दोनों की कीमत समझना आवश्यक है।

# वसुधैवकुटुंबकम साकार करेगा परिवार कल्याण की भावना



बाल मुकुन्द ओझा

नव वर्ष की शुरुआत 1 जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस से हो रही है। यह दिन परिवार के साथ समय बिताने और रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देता है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 1 जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुँचाता है। परिवार मर्यादाओं से बनता है। अनुशासन होता है, प्रेम और आपसी सद्भावना होती है। परिवार एक बार फिर वैश्विक चर्चा का विषय बन गया है। घर में खुशी होगी तभी बाहर भी खुशी महसूस होती है। हम अपने आप को तभी सफल और खुश महसूस करते हैं जब हम अपने घर में प्रसन्न रह पाते हैं। परिवार को समाज की नींव कहा जाता है परिवार समाज की सबसे छोटी एवं मजबूती इकाई होती है बड़े समाज में एक छोटे से परिवार की महत्व को समझने के लिए विश्व परिवार दिवस मनाया जाता है।आज बहुत.से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक.दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गयी है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत.सेमाता.पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा.बहुत समय वे साथ होते भी हैं वह भी टीवी.कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत.से परिवारों में बच्चे और माता.पिताअजनबियों की तरह अपनी.अपनी जिंदगी जीते हैं। उनके बीच जरा.भी बातचीत नहीं होती। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब बिरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथोंहाथ निपटारा हो जाता है। इससे एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदहारण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे है मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठ कर बातचीत करलें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती है। आज भी दुनियां परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। वह भी एक जमाना था जब भरा पूरा परिवार हँसता खेलता और चहकता था और एक दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। घर में कोई हंसी खुशी की बात होती थी तो बाहर वालों को बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। आज परिवार कितने छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं, हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदहारण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे है। इसी का नतीजा है देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही है जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे धीरे एक दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई है। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है।

## वैश्विक परिवार दिवस आज

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

-ललित गर्ग-

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस – जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया। प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है।

वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

## युवा महोत्सव आयोजन का उद्देश्य राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करना है : सुरेंद्र कुमार गोपालिया

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान युवा बोर्ड युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को बीडीए ऑडिटोरियम जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गयाा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा दलबीर सिंह जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अतुल चतुर्वेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुरेंद्र कुमार गोपालिया उपस्थित रहे।

युवा महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा महोत्सव आयोजन का उद्देश्य राज्य के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहित करना है। राज्य के युवाओं में विभिन्न कला, कलात्मक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को विकसित करना तथा राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करके उन्हें सुविधा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु तैयार करके उनको स्वावलम्बी बनाना है।

संयुक्त निदेशक ने प्रतियोगिता के निर्णय में लगे हुए निर्णायक मंडल को निष्पक्ष निर्णय देते हुए निर्विवाद प्रतियोगिता करने के निर्देश दिए साथ ही प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एग्जीबिशन ऑफ साइंस मेला एकल प्रतियोगिता में हिमांशी शर्मा डीग प्रथम एग्जीबिशन ऑफ साइंस मेला की सामूहिक प्रतियोगिता में रिंकू और पार्टी डीग प्रथम स्थान पर रहे सामूहिक लोक नृत्य में हेमलता मीना एंड पार्टी धौलपुर प्रथम स्थान पर रहे।

इसी प्रकार एकल लोक नृत्य में.बॉबी जाटव करौली प्रथम सामूहिक लोकगीत में राहुल तोमर एंड पार्टी भरतपुर प्रथम तथा एकल लोकगीत में प्रयाग गर्ग भरतपुर प्रथम रहे। कविता लेखन में खुशी कुमारी डीग प्रथम कहानी लेखन में पूजा कुमारी मीणा सवाई माधोपुर प्रथम चित्रकला में रश्मि डीग प्रथम रही। भाषण प्रतियोगिता में दर्शिता शर्मा भरतपुर प्रथमए हस्तकला में निधि एवं हेमंत भरतपुर प्रथम रहे। उन्होंने बताया कि वस्त्र कला में नंदिनी उपमन प्रथम कृषि उत्पाद प्रतियोगिता में दीपक शर्मा डीग प्रथम तथा माडना में श्रद्धा सोनी भरतपुर प्रथम स्थान पर रहे। खडताल में प्रियंका बेनीवाल करौली प्रथम फड में गौरव प्रथम भित्ति चित्र में गौरव पुत्र हरकिशन प्रथम भपंग में रविंद्र कुमार पुत्र लखन सिंह रूपवास प्रथम रहे अलगोजा में रामकुमार डीग प्रथम तथा कठपुतली में चंचल कुमारी करौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के साथ मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।




मंडी में रोजाना सब्जियों की भरपूर आवक हो रही, पिछले साल इस समय कम थी

## पाला नहीं पड़ने से सब्जियों की बंपर पैदावार, 10 दिन में थोक भाव में 30 रुपए तक गिरावट



**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** इस बार पाला नहीं पड़ने से खैरथल क्षेत्र में सब्जियों की पैदावार बेहतर रही है। उत्पादन बढ़ने का सीधा असर कीमतों पर देखने को मिल रहा है। बीते दस दिनों में सब्जियों के थोक दाम 10 से 30 रुपए प्रति किलो तक घट गए हैं। खैरथल सब्जी मंडी के व्यापारी दुर्गादास परवाना और धर्मदास गनवानी के अनुसार इस वर्ष ठंड का असर कम रहने से खेतों में फसल सुरक्षित रही। इसके चलते हरी सब्जियों की आवक 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। मंडी में रोजाना लोकल सब्जियों की भरपूर आवक हो रही है, जबकि पिछले साल दिसंबर में पाले के कारण उत्पादन घट गया था। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दिसंबर में कड़ाके की सर्दी और पाला जमने से सब्जियों को भारी नुकसान हुआ था। **रिटेल में भाव कम होने से आमजन को राहत**- रिटेल दुकानदार दीपू गनवानी ने बताया कि खुदरा बाजार में गाजर 10-15, आलू 15-20, प्याज 20-30, टमाटर 40-50, गोभी 20-30, मटर 40-50, पालक 15-20, मेथी 20-25, बथुआ 20-30 और बैंगन 10-20 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिक रहे हैं। थोक भाव गिरने का असर खुदरा बाजार में भी नजर आने लगा है। हालांकि किसानों का कहना है कि दाम घटने से लागत निकालना चुनौतीपूर्ण हो रहा है, लेकिन मौसम अनुकूल रहने से फसल की गुणवत्ता और पैदावार संतोषजनक बनी हुई है।

भारतीय ज्ञान परंपरा का एक दुर्लभ, सशक्त एवं जीवंत केंद्र है अभय जैन ग्रन्थालय

## विद्वानों एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया अभय जैन ग्रन्थालय का निरीक्षण

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत कला एवं संस्कृति मंत्रालय के स्वतंत्र केंद्र अभय जैन ग्रन्थालय में विद्वानों एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण विज़िट संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय महामंत्री सत्यनारायण भट्ट, पांडुलिपि समन्वयक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अवधेश वशिष्ठ, तथा संस्कृत भारती बीकानेर महानगर मंत्री दाऊ लाल साध ने ग्रन्थालय का गहन निरीक्षण किया। नाहटा चौक स्थित अभय जैन ग्रन्थालय के निर्देशक ऋषभ नाहटा ने अतिथियों को ग्रन्थालय में संरक्षित लगभग दो लाख हस्तलिखित पांडुलिपियों एवं डेढ़ लाख से अधिक प्राचीन एवं आधुनिक पुस्तकों का अवलोकन कराया। इन ग्रंथों में वेद, उपनिषद, दर्शन, आयुर्वेद, ज्योतिष, व्याकरण, इतिहास सहित विविध शास्त्रीय विषयों से संबंधित अमूल्य ज्ञान-सामग्री संकलित है। निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि भारत सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से अभय जैन ग्रन्थालय में पांडुलिपियों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन का कार्य निरंतर प्रगति पर है, जिससे दुर्लभ ग्रंथों का दीर्घकालीन संरक्षण सुनिश्चित हो सके तथा शोधार्थियों, विद्वानों एवं विद्यार्थियों को



डिजिटल माध्यम से इनका शैक्षणिक लाभ प्राप्त हो सके। अतिथियों ने अभय जैन ग्रन्थालय को भारतीय ज्ञान परंपरा का एक दुर्लभ, सशक्त एवं जीवंत केंद्र बताते हुए कहा कि यह ग्रन्थालय न केवल अतीत के बौद्धिक वैभव को सुरक्षित रखे हुए है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शोध, अध्ययन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटलीकरण तथा उनके शैक्षणिक उपयोग को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक विस्तार देने की आवश्यकता पर बल दिया।

**इस अवसर पर संस्कृत भारती के अखिल भारतीय महामंत्री सत्यनारायण भट्ट ने कहा**- 'अभय जैन ग्रन्थालय जैसे संस्थान भारत की आत्मा हैं, जहाँ शास्त्र और संस्कृति जीवंत रूप में सुरक्षित है। ऐसे ग्रन्थालयों का संरक्षण और संवर्धन राष्ट्रीय दायित्व है। 'विज़िट के अंत में अतिथियों ने ग्रन्थालय प्रबंधन एवं ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत संचालित संरक्षण, सर्वेक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत कार्यरत सर्वेक्षण अधिकारी मोहित बिस्सा, लवकुमार देराश्री, नवरत्न चोपड़ा, लक्ष्मी कांत उपाध्याय की सक्रिय सहभागिता भी उल्लेखनीय रही।

## माह के अंतिम दिवस पर काटे तम्बाकू विक्रेताओं के चालान




**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा युवाओं को तंबाकू के नशे से दूर रखने हेतु चलाए जा रहे तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन अभियान के तहत आज जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ हनुमानगढ़ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के आदेशानुसार मुख्य बाजार हनुमानगढ़ जंक्शन एवं पीलीबंगा में कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं 6 के अंतर्गत चालान कार्यवाही की गई। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से डीपीओ अंजू बाला एवं त्रिलोकेश्वर शर्मा के द्वारा बाजार में दुकानदारों से समझाइश करते हुए माह के अंतिम दिवस तंबाकू बेचान नहीं करने के बारे में बताया। इस दौरान 23 दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं 5 दुकानदारों के कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर चालान काटे गए। इस दौरान रोडवेज बस डिपो हनुमानगढ़ के सामने सरस बूथ के साथ चाय पान के साथ-साथ दो लोगों द्वारा धूम्रपान करते पाए जाने पर टीम द्वारा बूथ संचालक को चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसा .पाबंद किया। ग़ौरतलब है कि सरस बूथ संचालन के नियमों में भी तंबाकू उत्पादन का बेचान दंडनीय अपराध है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि माह का अंतिम दिवस तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं इस दिन कोटपा कानून का उल्लंघन करने वालों पर निरंतर इस प्रकार की चालान कार्यवाही की जाती रहेगी।

आभा आईडी बनाओ, अस्पताल की कतारों से मुक्ति पाओ

## जिला अस्पताल, उप जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुविधा प्रारंभ

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए डिजिटल एवं गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा को विकसित किया गया है। इसके तहत वन नेशन वन हेल्थ आईडी बनाने के लिए आपको आभा आईडी बनानी होगी। इससे आपके हैल्थ से जुड़े सभी रिकार्ड फोन पर देख सकेंगे। फाइल के गुम हो जाने, चिकित्सक की पर्ची के नहीं मिलने की परेशानी से निजात मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि आभा आईडी बनाकर, अस्पतालों में लगाने वाली कतार से मुक्ति पाई जा सकती है। जिले के सभी जिला अस्पताल और उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। इसके तहत आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी) होनी जरूरी है। आईएचएस पोर्टल पर आभा आईडी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने पर नागरिकों को अपने हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध हो सकेंगे। मरीज अपना हेल्थ रिकॉर्ड अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकता है और उपचार से संबंधित सभी दस्तावेज के गुम होने की कोई चिंता नहीं होगी तथा चिकित्सक द्वारा मरीज से पुराने हेल्थ रिकॉर्ड मांगे जाने पर तथा मरीज की सहमति के बाद डिजिटल दस्तावेज शेयर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आभा आईडी पंजीकरण करवाया जाना जरूरी है।

## श्री अग्रेश्वर महादेव पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खिरनी घाट स्थित मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद कुमार मेडीकल ने बताया कि पं0 प्रेमी शर्मा, पं. वेदप्रकाश शर्मा, पं. संजय शर्मा एवं पं0 पवन किशोर ने हारमोनियम, ढोलक, झांज मंजीरा की संगीतमय धुन में गणेश जी की वंदना से संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ प्रारम्भ किया। दीप प्रज्जवलन अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग ने किया। सुन्दर काण्ड का पाठ मंगल भजन अमंगल हारी, द्रवहु सो दशरथ अजर बिहारी सम्पुट लगाकर किया गया। उपस्थित सभी ने बडे आनन्द से पाठ किया एवं नववर्ष की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर अग्रवाल भवन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, श्री रामलीला समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, हरीओम गौतम, गोपाल चंद सिंघल सर्वेअर, शिक्षाविद ओमप्रकाश शर्मा, सतीश बंसल एडवोकेट, प्रेम गोयल, कपूरचंद रायसीस, अशोक गोयल, विजय गुप्ता, आलोक बंसल, विनय चौधरी, गणेश शर्मा, सतीश सक्सैना, रानी दुवे, सुनीता देवी, ममता गोयल, ववीता गुप्ता आदि बडी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# एक करोड़ रुपए मांगने वाला आरपीएस अफसर गिरफ्तार

## एसओजी की फर्जी एफआईआर तैयार कर धमकाया था, बजरी के लेन-देन में एपीओ चल रहा था

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में एपीओ चल रहे आरपीएस अधिकारी रितेश पटेल को गिरफ्तार किया गया। पटेल पर पीड़ित को धमकाकर एक करोड़ रुपए मांगने का आरोप है।

रितेश पटेल ने एसओजी की फर्जी एफआईआर तैयार कर पीड़ित को भेजी थी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस और एसओजी में शिकायत की थी। रितेश पटेल 2019 बैच का आरपीएस अफसर



है। बजरी के लेन-देन एक मामले में एपीओ चल रहा था। एपीओ रहते हुए भी पटेल ने एक फर्जी एफआईआर तैयार की और पीड़ित को डरा- धमकाकर एक करोड़ रुपए मांगे थे। इसमें से 25 लाख रुपए ऑनलाइन और 25 लाख रुपए नकद ले भी ले लिए थे।

पीड़ित की शिकायत पर महेश नगर थाना पुलिस ने जयपुर के केसर चौराहा स्थित घर से मंगलवार देर रात 2:30 बजे पटेल को डिटेन किया। पूछताछ में पटेल ने फर्जीवाड़ा और रुपए लेना कबूल किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

**बजरी के ट्रैक्टर छोड़ने का बनाया था दबाव**- गंगापुर सीआई फूलचंद ने साल 2024 में आशाहोली गांव के पास अवैध बजरी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर पकड़े थे। ट्रैक्टरों को थाने लाकर खड़ा करवाया था। सीआई ने इस कार्रवाई से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया था। दोनों ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। इनके चेसिस नंबर पर भी जून 2024 की मैन्युफैक्चरिंग डेट लिखी हुई था। माना जा रहा था कि ट्रैक्टर मालिक ने खरीदने के बाद आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया था। तब तत्कालीन डीएसपी रितेश पटेल थाने पहुंचे थे।

डीएसपी ने दोनों ट्रैक्टरों को छुड़वाने की कोशिश की थी, लेकिन सीआई ने उनकी बात नहीं मानी। इस मामले ने तूल पकड़ लिया था। सोशल मीडिया पर भी मामला काफी छाया रहा था। इसके बाद रितेश पटेल को एपीओ कर दिया था।

# एक नजर

## सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण शाखा के सरंक्षक भगवान सिंह एवं संभागीय अध्यक्ष हरीसिंह की अध्यक्षता में संस्थान की मासिक संगोष्ठी पुलिस लाईन स्थित बैठक हॉल में आयोजित हुई, जिसमें सेवानिवृत पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नववर्ष 2026 में जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह आयोजित किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा। जिसके सम्बन्ध में सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए जनवरी माह के अन्तिम सप्ताह में समारोह आयोजित किया जाना निश्चित किया गया। सचिव गिरधारी लाल गुप्ता ने बताया कि सेवानिवृत हुए वृंदावन सिंह स.उ.नि., महेन्द्र सिंह, बच्चू सिंह हैड कानि0 एवं गोरधन सिंह कानि0 का माला, साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह एवं संस्था की स्मारिका भेंट कर स्वागत किया गया। उक्त सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों को संस्था की सदस्यता ग्रहण कराई एवं स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की शुभकामनाऐं व्यक्त की गई।

जिला परिषद सदस्य एकल निर्वाचन क्षेत्र का ड्राफ्ट प्रकाशन

## 30 दिसम्बर को ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद 5 जनवरी तक लिखित में आपत्तियां दी जा सकती है

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा राजस्थान पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 3 व 4 के अंतर्गत श्रीगंगानगर जिले के जिला परिषद सदस्य एकल सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों के वार्डों का गठन किया जाकर 30 दिसम्बर 2025 को ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कलक्टर (पंचायत) डॉ. मंजू ने बताया कि जिला परिषद सदस्य के गठित वार्डों के संबंध में यदि किसी जनसामान्य को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति नोटिस 30 दिसम्बर 2025 के प्रकाशन के बाद 5 जनवरी 2026 तक लिखित में तहसील, उपखण्ड, जिला कार्यालय को दी जा सकती है। 5 जनवरी 2026 के बाद आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। जिला कलक्टर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, जिले के समस्त तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को ड्राफ्ट प्रकाशन की प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश दिये हैं, जिससे जनसामान्य द्वारा अवलोकन किया जा सके।

## खैरथल-तिजारा में त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन का प्रारूप प्रकाशित

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** जिला खैरथल-तिजारा में त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत 31 दिसंबर को ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा नवसृजित जिला परिषद के वार्डों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में कुल 6 पंचायत समितियां—किशनगढ़बास, कोटकासिम, तिजारा, टपूकड़ा, मुण्डावर एवं ततारपुर—शामिल हैं। किशनगढ़बास पंचायत समिति में 19 वार्ड, कोटकासिम में 19 वार्ड, तिजारा में 21 वार्ड, टपूकड़ा में 19 वार्ड, मुण्डावर में 17 वार्ड तथा ततारपुर पंचायत समिति में 15 वार्ड निर्धारित किए गए हैं। वहीं नवसृजित जिला परिषद खैरथल-तिजारा में कुल 25 वार्ड बनाए गए हैं। जिला परिषद,पंचायत समिति एवं वार्डों की सूची संबंधित कार्यालय में प्रकाशित की गई है। प्रारूप प्रकाशन के संबंध में यदि किसी मतदाता, नागरिक अथवा संबंधित पक्ष को कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह नियमानुसार 7 दिवस की अवधि में, अर्थात् 6 जनवरी 2026 तक, अपनी आपत्ति संबंधित तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी अथवा जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## राष्ट्रीय संत सरजू दास महाराज ने की महाआरती



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर स्थानीय रघुनाथ जी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन विश्व हिंदू परिषद की स्थानीय इकाई द्वारा किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय संत सरजू दास जी महाराज ने भगवान की पूजा अर्चना और आरती कर उपस्थित भक्तजनों से गाय की रक्षा और गोचर संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की बात कही। राष्ट्रीय संत ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के आधार और हम सब के आदर्श भगवान राम ही हैं। धर्म और संस्कृति के लिए हम सब एक हों यही संकल्प हमारा है। सरजू दास जी महाराज ने कहा कि 1 जनवरी से 28 जनवरी तक शहर के विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनी में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा और अधिक से अधिक भक्तों को जोड़ने के लिए उनसे निवेदन किया जाएगा ताकि हम अधिक अधिक लोग अपनी बात को पुरजोर तरीके से रख सके और गाय और गोचर की रक्षा के लिए हमें सकारात्मक प्रयास शांतिपूर्ण तरीके से करने होंगे। इसके लिए आप सब का सहयोग भी आवश्यक रहेगा। बुधवार को आयोजित सुंदरकांड पाठ का आयोजन बीकानेर मानस परिवार द्वारा किया गया मानस परिवार पिछले 48 वर्षों से शहर के विभिन्न क्षेत्र में रामचरितमानस और सुंदरकांड के पाठ किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ के अवसर पर विजय कोचर, नरसिंग भाटी, शिवदयाल उपाध्याय, मालचंद जोशी, नारायण पारीक सहित मानस पार्टी के नरेश पुरोहित नारायण, राजेंद्र खत्री, मूलचंद सेवग तथा राकेश आसोपा पर सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### दौसा की भवानी क्लब में आयोजित 13वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# जयपुर सिटी क्लब बना विजेता,फाइनल में बांदीकुई को 4 -1 से हराया

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** जय भवानी फुटबॉल चैलेंज कप 2025 का फाइनल मुकाबला अत्यंत उत्साह, जोश और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब, जयपुर एवं बांदीकुई फुटबॉल क्लब, बांदीकुई के मध्य खेला गया, जिसमें जयपुर सिटी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांदीकुई क्लब को 4-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।मैच की शुरुआत से ही जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब का दबदबा देखने को मिला। टीम के जर्सी नंबर 86 अनुज शर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके पश्चात अनुज शर्मा ने एक और शानदार गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया।बांदीकुई फुटबॉल क्लब की ओर से जर्सी नंबर 6 महीपत ने दमदार गोल कर स्कोर 2-1 किया, जिससे कुछ समय के लिए मुकाबले में रोमांच बढ़ गया। लेकिन जयपुर सिटी क्लब ने तुरंत काउंटर अटैक करते हुए जर्सी नंबर 12 रोहित के माध्यम से गोल कर बढ़त 3-1 कर ली। मैच समाप्ति से पूर्व अनुज शर्मा ने अपना तीसरा गोल दागते हुए हैट्रिक पूरी की और टीम को 4-1 की निर्णायक जीत दिलाई।फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि एडीएम अरविंद शर्मा रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा— 'खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करता है। जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 'उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।विशिष्ट अतिथि रामचरण मीणा, कोषाधिकारी, कोष कार्यालय दौसा ने अपने संबोधन में कहा— 'राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को बड़ा मंच प्रदान करती हैं। इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान मिलती है और खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है। 'उन्होंने सफल आयोजन के लिए क्लब की पूरी टीम को बधाई दी।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में सुरेश घोसी (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), राजेश कुमार शर्मा एवं डॉ. दीपक शर्मा (डिप्टी सीएमएचओ) उपस्थित रहे।मैच में रेफरी की भूमिका कमलेश बोहरा, दिनेश महावर, जय सिंह गुर्जर, पवन शर्मा, फूलचंद बैरवा एवं बनवारी लाल सैनी अमरेश जाकड़ ने निभाई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन राकेश जाकड़ द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बांदीकुई फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी महीपत को प्रदान किया गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब के अनुज शर्मा को मिला। विजेता टीम को ?11,000 एवं उपविजेता टीम को ?5,100 की नकद राशि प्रदान की गई। समस्त पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि एडीएम अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। जय भवानी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष राजेश डगलाव एवं मुख्य सचिव अमरेश जाकड़ ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सफल




आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।समापन अवसर पर मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश बापीवाल, शिव बोहरा, कमलेश त्रिवेदी, पंडित राधेश्याम शर्मा, मुकेश शर्मा , हिमांशु बापीवाल, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, भूपेंद्र सिंह गुर्जर विमलेश बोहरा राजेंद्र भातरा, योगेश जाकड़, द्वारकेश वशिष्ठ , सचिन रजवानिया ,शुभम सेन, शुभमशर्मा ,रोहित सेन शिवम शर्मा , सचिन गुर्जरउपस्थित रहे। अंत में एडीएम अरविंद शर्मा ने प्रतियोगिता के सफल समापन की घोषणा करते हुए ध्वज अवतरण किया।

कार्यक्रम की सम्पूर्ण मीडिया कवरेज एवं सूचना संप्रेषण की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी देवेश वशिष्ठ द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई।

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में इंडस टावर लिमिटेड के लिए कार्यरत एमआरजी ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के सैकड़ों टेक्निशियनों ने अत्यंत कम वेतन, अपर्याप्त यात्रा भत्ता और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों को लेकर गंभीर नाराजगी जताई है। राजस्थान के सभी टेक्निशियनों ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 16 दिसंबर को कंपनी प्रबंधन को सौंपा था, लेकिन आज तक न तो कोई कार्यवाही की गई और न ही किसी प्रकार का आश्वासन दिया गया है। टेक्निशियनों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे सामूहिक रूप से हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। उपरोक्त समस्या को लेकर राजस्थान टेलीकॉम ठेका कर्मचारी मजदूर यूनियन (सीटू), सीआईटीयू से सम्बन्धित सभी टेक्निशियनों ने जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग से मूलाकात कर अपनी समस्या बताई। सियाग ने समस्या सुनने के बाद इंडस टॉवर कम्पनी के आला अधिकारियों से वार्ता की तथा इनकी जायज मांगो को स्वीकार कर लागू करने के लिए कहा, साथ ही उन्होंने कहा कि अगर समय पर इनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी भी इनके आन्दोलन में शामिल रहेगी। टैक्निशियन यूनियन के भूपेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि इस मौके पर रामकुमार, स्वरूपसिंह, भोपाल सिंह, पर्वतसिंह, संदीप भादू, रामकुमार भाम्भू, हनुमान कुमावत, निशांत शर्मा, राजेन्द्र सिंह, जोगेन्द्रसिंह, रमेश स्वामी, महेन्द्र गर, राजेश प्रजापत, बेगराज, भालसिंह, छैलुदान, किसनाराम, हरीसिंह, जयसिंह, रामकुमार, सहदेव, देवीलाल, किशनाराम, पवन शर्मा, महिपाल आदि सहित अनेक टैक्निशियन मौजूद रहें।

## मकर संक्रांति पर धातु व चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** मकर संक्रांति पर्व के दौरान पतंगबाजी में उपयोग होने वाले धातु मिश्रित एवं चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर जिले में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट देवेन्द्र कुमार ने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए राजस्व जिला दौसा की सीमा में इस प्रकार के मांझे के भंडारण, परिवहन, थोक व खुदरा विक्रय तथा उपयोग को निषिद्ध किया है।जिला कलेक्टर ने बताया कि धातु मिश्रित व चाइनीज मांझा अत्यधिक धारदार एवं विद्युत का सुचालक होता है, जिससे दुपहिया वाहन चालकों, आमजन तथा पक्षियों को गंभीर जान-माल का खतरा बना रहता है। इसके अलावा विद्युत तारों के संपर्क में आने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की भी आशंका रहती है।आदेश के अनुसार, पक्षियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुबह 6 से 8 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे तक पतंग उड़ाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 सहित अन्य सुसंगत कानूनी प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार पुलिस के माध्यम से ध्वनि प्रसारण यंत्र एवं अन्य संचार साधनों द्वारा किया जाएगा। यह आदेश 31 जनवरी 2026 की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगा।

# 2025 की गलतियों से सीखे सरकार, प्रदेश को हादसों और कुशासन के डर से मुक्त करेः टीकाराम जूली

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नए साल 2026 की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की भाजपा सरकार को बीते साल की प्रशासनिक विफलताओं का आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 राजस्थान के इतिहास में प्रशासनिक लापरवाही, संवैधानिक मर्यादाओं के हनन और जनविरोधी नीतियों के लिए याद किया जाएगा। जूली ने कहा, 'हम चाहते हैं कि नया साल बीते साल से बेहतर हो, लेकिन इसके लिए सरकार को अपनी कार्यशैली बदलनी होगी। 2025 की काली छाया 2026 पर न पड़े, इसके लिए जरूरी है कि सरकार उन 5 बड़े दागों से सीख ले जिन्होंने प्रदेश की छवि को धूमिल किया है: 'झालावाड़ स्कूल हादसा: सरकार की अनदेखी के कारण पिपलोद में मासूमों ने जान गंवाई। नया साल तब बेहतर होगा जब प्रदेश का एक भी बच्चा जर्जर छत के नीचे बैठने को मजबूर न हो। एसएमएस अस्पताल अग्निकांड: प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों का जलकर मरना शर्मनाक है। सरकार सुनिश्चित करे कि 2026 में स्वास्थ्य सेवाएँ 'मौत का घर' न बनें। विपक्ष की जासूसी का प्रयास: लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सदन में कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरणों का सहारा लेना कायरता है।

उम्मीद है नए साल में सरकार जासूसी के बजाय जनहित के मुद्दों पर नजर रखेगी। सड़कें और ड्रेनेज फेलियर: बारिश में राजधानी जयपुर सहित प्रदेश की सड़कों का धंसना 'स्मार्ट सिटी' के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की गवाही देता है। जनता को गड्ढा मुक्त और सुरक्षित बुनियादी ढांचा मिलना चाहिए। अरावली को बचाने का संकल्प: अरावली की परिभाषा बदलकर उसे खनन माफियाओं के हाथों बेचने का प्रयास भविष्य की पीढ़ियों के साथ खिलवाड़ है। हम 2026 में अरावली की एक इंच जमीन भी माफियाओं को नहीं छूने देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन गंभीर गलतियों को सुधारने के बजाय अपनी तानाशाही जारी रखी, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़कों से लेकर सदन तक कड़ा संघर्ष करेगी।

### रसद विभाग की टीम ने किया घर-घर सर्वे

## पात्रों को राहत, अपात्रों को 'गिवअप' का संदेश

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रसद विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा के नेतृत्व में छत्तरगढ़ की ग्राम पंचायत 1 केएम में सुबह से शाम तक घर-घर जाकर खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र एवं अपात्र परिवारों का गहन सर्वे किया। पात्र पाए गए परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना में शीघ्र शामिल करने के निर्देश जिला रसद अधिकारी शर्मा ने बताया कि सर्वे के दौरान प्रत्येक परिवार की आर्थिक स्थिति, राशन कार्ड विवरण, पारिवारिक सदस्यों की संख्या तथा योजना से संबंधित दस्तावेजों की मौके पर ही जांच की। पात्र पाए गए परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना में शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार लाभ से वंचित न रहे। अपात्र परिवारों को 'गिवअप योजना' के अंतर्गत स्वेच्छा से लाभ छोड़ने के लिए की समझाइशः शर्मा ने बताया कि अपात्र परिवारों को 'गिवअप योजना' के अंतर्गत स्वेच्छा से लाभ छोड़ने के लिए समझाइश की गई। शर्मा ने बताया कि गिव अप करने से वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचता है और व्यवस्था अधिक न्यायसंगत बनती है। ग्रामीणों को गिव अप प्रक्रिया की सरलता और समय सीमा की भी जानकारी दी गई।

## भगवान कृष्ण और सुदामा थे सच्चे मित्र

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पवनपुरी सेक्टर नंबर 4 में भागवत कथा में कथा वाचक निर्मल महाराज ने सुदामा चरित्र के बारे में बताया की मित्रता करें तो भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी। सच्चा मित्र वही है जो अपने मित्र की परेशानी को समझें और बिना बताए ही मदद करें। कथा में श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य भी किया और इस दौरान कृष्ण-सुदामा की सजीव झांकी सजाई गई। इस मौके पर राजेंद्र सहारण, अनिल भूटानी, किरण भूटानी, हरीश गांधी, दीपक शर्मा, धनपत तंवर,और सोनिया बख्शी,मधु भाटिया, उत्कर्ष, आदि ने सहयोग दिया। कथा में कृष्ण की भूमिका में पायल ,रुक्मणी की भूमिका कनिष्का व सुदामा की भूमिका राजकुमार भाटिया रहे।

## प्रवर्तन शाखा द्वारा प्रवर्तन संबंधी कार्यवाहियां सम्पादित की गई

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 1. जोन-पी.आर.एन.(साउथ) एस्कॉन रोड़ से कल्याण नगर जाने वाली 60 फीट रोड, आम रास्ते को करवाया अतिक्रमण मुक्त। 2. न्यू सांगानेर रोड़ से एस्कॉन रोड़ की तरफ करीब 01 कि.मी. एरिया तक रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया। 3. जोन-08 वन्देमातरम् सर्किल रोड़ षिव एन्कलेव तिराहा पर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया। 4. ग्राम धौलाई में अवैध रूप से बने लोहे के स्ट्रेक्चर के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही। 1. जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एस्कॉन रोड़ से कल्याण नगर जाने वाली 60 फीट रोड, आम रास्ते पर अतिक्रमण कर निर्माण सामग्री पट्टियां, पत्थर, मलबा इत्यादि डालकर किये गये अतिक्रमणों को श्रीमान् उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन एवं मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड, आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। 2. जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ए न्यू सांगानेर रोड़ से एस्कॉन रोड़ की तरफ करीब 01 कि.मी. एरिया तक रोड़ सीमा पर दोनो तरफ करीब 80 स्थानों पर अतिक्रमण कर लगाये गये थडियां, ठेलें, तिरपाल, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। 3. जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वन्देमातरम् सर्किल रोड़ षिव एन्कलेव तिराहा पर रोड़ सीमा पर अतिक्रमण कर पट्टियां, पिल्लर, लगाकर, तारबंदी कर किये गये अतिक्रमणों को श्रीमान् उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन एवं मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। 4. जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम धौलाई एलेन्जा के पीछे, जिला जयपुर में जेडीए की बिना अनुमति एवं स्वीकृति के लोहे के ऐंगल, जालियां, नेट ग्राउण्ड परिसर का स्ट्रैक्चर लगाकर अवैध रूप से निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर किये गये अवैध निर्माण को श्रीमान् उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन एवं मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया गया। उक्त कार्यवाहियां उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(साउथ), 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर राहुल कोटोकी ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 01412575151 पर 24*7; हेल्पलाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल पर अवैध निर्माण/कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

## गंगाशहर की महिला को हिप्नोटाइज करके ठग लिए लाखों के गहने

-पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना, सावधान रहें इस गैंग से

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर नगरीय क्षेत्र में हिप्नोटाइज करके पैसे व गहने ठगने वाला गैंग सक्रिय है। बुधवार को पुरानी लाइन, गंगाशहर निवासी मनोहरी देवी सिपाणी पत्नी रतन लाल के साथ लाखों के गहने ठगी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पीड़ित पक्ष के अनुसार मनोहरी देवी जवाहर विद्या पीठ भीनासर से लौट रही थी। इस दौरान उन्होंने बाजार से सब्जी ली। कैनरा बैंक के आगे खड़ा एक युवक श्रीडूंगरगढ़ जाने का पता पूछ रहा था। युवक से कुछ दूरी पर एक महिला व पुरुष भी खड़े थे। जिन्होंने बाद में एक दूसरे को पति पत्नी बताया। इसी दौरान युवक बार बार श्रीडूंगरगढ़ का पता पूछ रहा था। मनोहरी देवी ने मदद के लिहाज से कहा कि श्रीडूंगरगढ़ यहां नहीं है। तभी बीच में कथित पति पत्नी भी बातचीत में कूद पड़े। फिर युवक को पैसे की मदद करने का प्रस्ताव दिया गया, जिस पर युवक ने पैसों का बंडल दिखाते हुए कहा कि पैसे तो मेरे पास बहुत है। बंडल में पांच सौ के नोट दिख रहे थे। अब कथित पति पत्नी ने मनोहरी देवी से कहा कि ये लड़का भोला लग रहा है, पैसे इधर उधर पटक देगा, इसकी मदद करते हैं। किसी तरह से मनोहरी देवी को गुमराह करके युवक को सुरक्षित ट्रेन में बिठाने के लिए साथ ले गए। सभी बाजार से गांधी गये, वहां से जैन मंदिर तक गये। जैन मंदिर के आगे से ऑटो में बैठे। यहां से रेल्वे स्टेशन के सामने हीरालाल मॉल के आगे उतरे। फिर कुछ ही दूरी पर स्थित परिपूर्ण तक गये। यहां सीढ़ियों पर बैठे। यहां फिर बात घुमाई गई। पुरुष ने कहा कि आप मेरी पत्नी के साथ बैठिए, मैं टिकट बनवाकर लाता हूं। फिर कहा कि इसके पास तो दस लाख रुपए है। इसके पैसे अकाउंट में डलवा देते हैं वरना रास्ते में कहीं गिरा देगा। लेकिन युवक ने ऐसे पैसे देने से मना कर दिया। इस पर पति पत्नी ने मनोहरी देवी को कहा कि इस बेचारे की मदद करते हैं, आप अपने गहने इसे दे दो, बदले में दस लाख रुपए ले लो, इसकी मदद हो जाएगी। इस तरह मनोहरी देवी ने अपनी सोने की चेन, अंगूठी, सोने की चूड़ियां आदि युवक को दे दी। जब घर लौटकर बंडल चेक किया तो ऊपर का नोट नकली निकला और अंदर कचरा निकला। पीड़ित पक्ष का कहना है कि ठगों ने मनोहरी देवी को हिप्नोटाइज कर लिया था।

### जिला परिषद एवं पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्र विभाजन की प्रथम प्रकाशन की अधिसूचना जारी

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद एवं पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों के विभाजन के प्रथम प्रकाशन की अधिसूचना जारी की है। इस संबंध में 6 जनवरी तक जन साधारण आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की विभिन्न धाराओं में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद एवं 14 पंचायत समितियां के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के विभाजन के प्रथम प्रकाशन की अधिसूचना जारी की है। जिला कलक्टर ने बताया कि दौसा जिला परिषद में अब 37 वार्ड होंगे। इसी प्रकार रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति में 17, सिकराय में 19, शिवसिंहपुरा में 15, लवाण में 15, मंडावर में 15, मनोहरपुर खेड़ला में 15, महवा में 15, लालसोट में 19, सिकंदरा में 19, नांगल राजावतान में 17, दौसा में 21, बसवा में 15, बांदीकुई में 23 एवं बैजूपाड़ा पंचायत समिति में 15 वार्ड होंगे। उन्होंने बताया कि यदि इस नोटिस के प्रकाशन के निर्वाचन क्षेत्र के सम्बन्ध में उस वार्ड या निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी वयस्क नागरिक को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नोटिस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर लिखित में 6 जनवरी 2026 तक जिला कलक्टर के समक्ष उपस्थित होकर या डाक अथवा ईमेल द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

## किसान के बैग से डेढ़ लाख रुपए चोरीः राशि जमा करते समय बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**चौमूं (हुक्मनामा समाचार)।** चौमूं शहर में एक बैंक में किसान के बैग से डेढ़ लाख रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है। राजावास निवासी किसान शंकरलाल सुंडा थाना मोड चौराहे के पास स्थित बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड (चष्ष्ट) की राशि जमा कराने पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनके बैग में चीरा लगाकर डेढ़ लाख रुपए चुरा लिए। किसान शंकरलाल को चोरी का पता तब चला जब उन्होंने बैंक काउंटर पर पैसे निकालने के लिए अपना बैग खोला। बैग कटा हुआ देखकर उन्होंने तुरंत बैंक स्टाफ को सूचित किया। इसके बाद घटना की जानकारी चौमूं पुलिस थाने को दी गई और पीड़ित शंकरलाल ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही चौमूं पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, आसपास के क्षेत्रों के कैमरों की भी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद बैंक में मौजूद अन्य ग्राहकों और किसानों में भय का माहौल है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और बैंक में नकदी ले जाते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

### जयपुर के किशनपोल में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

## 4 अवैध मकानों को किया सीज, सड़क और सार्वजनिक स्थलों से हटाया अतिक्रमण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के किशनपोल जोन में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की है। उपायुक्त विजेंद्र सिंह के नेतृत्व और राजस्व अधिकारी सुनील कुमार के निर्देशन में मंगलवार 31 दिसंबर 2025 को सीज और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन कर बनाए गए कई भवनों और दुकानों को सीज किया गया, वहीं सार्वजनिक स्थलों से अस्थाई अतिक्रमण भी हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान शास्त्री नगर क्षेत्र में टैगोर स्कूल के पास स्थित मकान नंबर ए-15ए को जी+2 भवन का निर्माण करने पर सीज किया गया। इसी तरह चांदपोल क्षेत्र के बगरू वालों के रास्ते पर स्थित मकान नंबर 950, जो अनुज और अमित शर्मा का है, वहां जी+3 अवैध निर्माण पाए जाने पर भवन को सीज कर दिया गया।

### अपंजीकृत, अनफिट और कबाड़ वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए लाई गई राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025

# उद्यमों एवं शहरी निकायों के लिए ग्रीन क्रेडिट योजना को मंजूरी, राजस्थान रिफाइनरी की संशोधित लागत अब 79 हजार 459 करोड़ रुपए

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में पर्यावरण सुरक्षा, हरित एवं टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन देने, गवर्नेन्स, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के उत्तरदायी, नैतिक एवं सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों के अनुमोदन और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

**वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप स्क्रैप होंगे वाहन** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में अनुमोदित राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 प्रदेश में सड़क पर चलने में अयोग्य एवं प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध रूप से हटाकर उन्हें वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप नष्ट करने के उद्देश्य से लाई जा रही है। इस नीति के अंतर्गत राज्य में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटीज (आरवीएसएफ) की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा, जिनके माध्यम से वाहनों की स्क्रैपिंग पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल और ट्रेस योग्य होगी। सभी स्क्रैपिंग प्रक्रियाएं वाहन पोर्टल से एकीकृत होंगी, जिससे स्क्रैप योग्य वाहनों के अनधिकृत उपयोग की संभावना समाप्त होगी।

**नए वाहन की खरीद पर मोटर वाहन कर पर मिलेगी छूट** उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी वाहन, फिटनेस/पंजीकरण रहित वाहन, दुर्घटनाग्रस्त, क्षतिग्रस्त वाहन, नीलामी में खरीदे गए कबाड़ वाहन, अनुपयोगी वाहन या स्वेच्छा से आरवीएसएफ को दिए गए वाहन इस नीति के अंतर्गत स्क्रैप किए जा सकेंगे। अधिकृत स्क्रैप सेंटर से वाहन स्वामी को सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) और सर्टिफिकेट ऑफ व्हीकल स्क्रैपिंग (सीवीएस) जारी किए जाएंगे। साथ ही, वाहन पोर्टल पर भी डिजिटली अपलोड किए जाएंगे। सीओडी के आधार पर नए वाहन की खरीद पर मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत तक (अधिकतम 1 लाख रुपए) की छूट का लाभ भी मिल सकेगा। दो वर्ष तक सेफ कस्टडी में रहेंगे चैसिस नम्बर डॉ. बैरवा ने बताया कि रजिस्टर्ड स्क्रैपर स्क्रैप किए गए वाहन के चैसिस नम्बर के कट पीस को सीवीएस जारी होने की तारीख से 6 माह तक सेफ कस्टडी में रखेंगे। इसके बाद वे इसे अपने क्षेत्र के जिला परिवहन अधिकारी को जमा करेंगे, जहां इसे 18 माह तक सेफ कस्टडी में रखा जाएगा। राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 के माध्यम से सर्कुलर इकॉनॉमी को मजबूती मिलेगी।

स्क्रैपिंग से प्राप्त स्टील, एल्युमिनियम, प्लास्टिक, रबर व अन्य सामग्री का पुनः उपयोग संभव होगा, जिससे ऑटोमोबाइल, स्टील एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सस्ती कच्ची सामग्री उपलब्ध होगी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED CITY DIVISION II, AJMER, OLD RPSC BUILDING, ROOM NO. 201 AJMER**

TELEPHONE NO. 0145-2627483 E-MAIL-ee2.ajm.phed@rajasthan.gov.in

**No.:-EE/PHED/City-II/2025-26/7270-87** **Date : 23.12.2025**

**ON LINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tender are hereby invited, on behalf of the Governor of the state of Rajasthan for the following works from experienced and enlisted contractors of appropriate class and category. Tender are to be submitted duly digitally signed in electronic format only on Website http://eproc.rajasthan.gov. in The tender documents are to be downloaded from above mentioned website.

Bidders who wish to participate in online bidding will have to procure digital certificate as per IT Act- 2000 to sign their electronic bids. Offers which are not digitally signed will not be accepted. The tender documents are available for downloading on above website from 23.12.2025 to 06.06.2026 Up to 18.00 hrs. Last date & time of submission of online tenders up to 18.00 hrs. on 06.01.2026. Technical part of online bid will be opened at 10.00 hrs. on 07.01.2026 in presence of contractor and their authorized representative, who wish to be present.

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs.) in favour of tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 51/ 2025 -26 | Rate Contract for the work Providing, Laying, Jointing, testing and commissioning of various size of DI/HDPE Pipeline under Jurisdiction PHED city division II Ajmer. | 75.00 | @2% Rs. 150000.00 and @ 1/2 Rs. 37500.00 | 1000.00 | 1500.00 | 365 days |
| 52/ 2025 -26 | Work of Operation of Valves and O & M of (5.0 to 7.0 HP) pumps at SR-7 Nasirabad Road Ajmer under Under City Sub Divisioin VI Ajmer. | 8.42 | @2% Rs. 16840.00 and @ 1/2 Rs. 4210.00 | 500.00 | 500.00 | 365 days |

This NIB has been published on.............. at website www.sppp.raj.nic.in with ID No.
NIB Code -PHE2526A4899, UBN CODE : PHE2526WSRC10052, PHE2526WSRC10053

**Executive Engineer**
**Phed, City Division II, Ajmer**

DIPR/C/19266/2025 (SAVE WATER & SAVE LIFE)

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिलाया केसरिया दूध

**भरतपुर( हुक्मनामा सामाचार )।** भारतीय युवाओं में बढ़ते हुए पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल और पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने संयुक्त रूप से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नशा मुक्ति का संदेश देने हेतु दारू की जगह केसरिया दूध पियो अभियान चलाया । जिसके तहत श्री लक्ष्मण मंदिर चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना के नेतृत्व में संयुक्त रूप से भरतपुर के युवाओं को केसरिया दूध पिलाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश सर्राफ ने दारू की जगह दूध अभियान का



शुभारंभ किया । इस अवसर पर राकेश सर्राफ ने कहा कि आज के समय भारतीय युवाओं को विवेकानंद के आदर्शों की पालना करते हुए स्वस्थ और मजबूत रहना चाहिए जब भारत का युवा मजबूत होगा तो देश स्वत: मजबूत होगा जो वस्तुएं युवाओं को कमजोर करती हैं उनको जहर की तरह फेंक दो । शहर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि भरतपुर के युवाओं को व्यसन की दुनिया से बाहर आकर मुख्य धारा में आना चाहिए व्यसन की दुनिया युवाओं को कमजोर करती है और भविष्य को अंधकार की ओर ले जाती है । पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना ने कहा कि दूध पीने से युवाओ का शारीरिक विकास पूर्ण रुपेण हो जाता है। जिला सहसंयोजक आईटी विभाग सुनील सहनावली ने कहा की आज के युवाओं को ऐसी नशीली वस्तुओं से दूर रहना चाहिए जो शारीरिक मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर करती है । इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश सर्राफ मंडल उपाध्यक्ष दीपक मुदगल,लेखराज प्रकाश चंद्र शर्मा गणपत लाल शर्मापवन सेवर मनीष शर्मा पहलवान, हर्षुल गोयल, तेजराज इन्दौलिया, गोपाल कश्यप, प्रिंस शर्मा,मंडल महामंत्री चंद्रशेखर शर्मा,दुष्यंत सिंह मंडल मंत्री जयप्रकाश जाटौली,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत यादव निखिल सिंघल विधानसभा संयोजक आईटी शिवम् जिन्दल व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहरवासियों के लिए रेलवे फाटक बना जी का जंजाल, हर समय यहां रहता है ट्रैफिक जाम



**चूरू ( हुक्मनामा सामाचार )।** ओम कॉलोनी स्थित रेलवे फाटक पर पिछले कई महीनों से रोजाना ट्रैफिक जाम लगा रहता है। लंबे समय तक रेलवे फाटक बंद रहने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने के लिए एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी यहां तैनात किया गया है, लेकिन एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी के भरोसे यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं की जा सकती है। चूरू शहर में आने के लिए यही एक मात्र रास्ता है, वह भी बहुत संकरा रास्ता है और कच्चा रास्ता है। ओम कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए ये समस्या जी का जंजाल बन चुकी है। ओम कॉलोनी से रेलवे स्टेशन तक जाने में 10 से 20 मिनट तक लग रहे हैं, और कई बार तो एक घंटा भी लग जाते हैं, जबकि दूरी एक किमी से भी कम है। वहां के स्थानीय निवासियों का कहना है की कई बार दिन में दो-तीन ट्रेनें साथ में आती है तब यहां पर आधे घंटे से भी ज्यादा समय तक फाटक बंद रहता है जिसके कारण ओम कॉलोनी फाटक से लेकर पूनिया कॉलोनी फाटक तक लंबा जाम लग जाता है। वहीं इधर मुख्य रास्ते पर धर्म स्तूप से ओम कॉलोनी फाटक तक लंबा जाम लग जाता है। जिससे वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## भागवत कथा में श्री राम एवं श्री कृष्ण जन्म की मनोहारी कथा का वर्णन सुन श्रोता हुए भाव विभोर



**वैर ( हुक्मनामा सामाचार )।** अग्रवाल समाज, वैर द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के चतुर्थ दिवस का विशेष कार्यक्रम आज दाऊजी मंदिर प्रांगण में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

व्यास पीठ से विराजमान पं. योगेंद्र कृष्ण जी महाराज (वृंदावन) ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव का अत्यंत मनोहारी वर्णन किया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल 'नंद के आनंद भयो' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे।

### नदबई में अखिल भारतीय सर्व समाज सनातन समिति का भव्य स्वागत

## परिवार व सनातन संस्कारों पर जोर

**नदबई ( हुक्मनामा सामाचार )।** उपाध्याय पाड़ा नदबई में अखिल भारतीय सर्व समाज सनातन समिति संस्थापक अध्यक्ष डॉ मेघेंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पीआर शर्मा, रजनीकांत शर्मा, अतुल वर्मा, कमलेश टांक, कुश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

एबीएस 4 टीम का जयपुर से नदबई आगमन पर अशोक उपाध्याय के नेतृत्व में नदबई के सर्व समाज की उपस्थिति में आगुंतकों का भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. मेघेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में परिवार की मजबूती, सामाजिक मूल्यों एवं सनातन संस्कारों (सनातन स्किल जॉब)



को जीवन में अपनाने पर विशेष जोर दिया।

डॉ शर्मा ने समिति के मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए जातिगत भेदभाव को छोड़कर सर्व समाज की उन्नति पर चर्चा की गई।

संस्थापक अध्यक्ष डॉ शर्मा ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सर्व समाज में परस्पर सामाजिक समरसता, सामंजस्य एवं वैचारिक एकता स्थापित हो। हमारी आने वाली पीढ़ी पूर्ण कौशल से ओत प्रोत होकर अपने भिन्न भिन्न क्षेत्रों में अलग अलग कीर्तिमान स्थापित कर सके। और बेरोज़गारी के दंश से पूर्णत: मुक्त हो सकें।

कार्यक्रम का संचालन रोहित उपाध्याय ने किया। इस मौके पर आरडी शर्मा नाम वाले, अजय कटारा, दामोदर शर्मा, हरिमोहन गौतम, सतीश चंद शर्मा टैगोर, सुरेंद्र सिंह, सुनील गुप्ता, त्रिलोक चंद शर्मा, रामजीलाल सैनी, जगदीश बोहरा, लखन पाठक, डॉ सुरेंद्र शर्मा, देवी कोली, रघुनंदन उपाध्याय, गोपाल सैनी, लाई भईया, आचार्य ब्रजेश लवानिया, संतोष गर्ग, प्रकाश मोरदानी, भुवनेश्वर पाठक, मदन मोहन, बद्री प्रसाद अटारी, राकेश शुक्ला, दिलीप शर्मा, रामबाबू, भूरी सैनी, धर्मेन्द्र चौधरी, ओमप्रकाश, पुरुषोत्तम सिंघल, विवेक गोयल, घनश्याम गुप्ता, धर्मेंद्र तिवारी, राधेलाल शर्मा, अमित कोटिया आदि सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भूतपूर्व सैनिकों ने की बुलंद आवाज, नववर्ष में कामवन का हो आगाज

## कामां नही कामवन ही पौराणिक स्वरूप, सुने जन मानस की आवाज सरकार-उमाशंकर शर्मा



**कामां ( हुक्मनामा सामाचार )।** भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कामां को कामवन नाम करने का आगाज करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखण्ड अधिकारी सुभाष यादव को ज्ञापन सौंपा गया। भूतपूर्व सैनिक संगठन के सचिव कैप्टन सियाराम ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा के नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिक संगठन ने कामवन नामकरण की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम देकर कामां का पौराणिक नाम कामवन करने की मांग की। इस अवसर पर सभी भूतपूर्व सैनिकों ने कहा कि वर्ष 2026 में कामां नही कामवन ही कहा जाए,सरकार को जनमानस की भावनाओं के अनुरूप शास्त्र सम्मत पहचान कामवन वापिस प्रदान करनी चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि यह नगरी अति प्राचीन एवं अपने अंदर गौरव को समेटे हुए हैं। जहां भगवान श्रीकृष्ण ने बाल क्रीड़ाओं का मंचन किया। जहां की धरा धर्म और धार्मिक क्रियाओं से हमेशा परिपूर्ण रहती है। जिसे ब्रजमंडल के बारह वनों में पंचम वन के रूप में जाना जाता है। जहां महाभारत कालीन समय का उल्लेख मिलता है। ऐसी धार्मिक नगरी को कामवन नाम प्रदान किया जाए जिससे कि खोया हुआ वैभव पुन:स्थापित हो सके। ज्ञापन देने वालों में गजराज हवलदार,सूबेदार मानसिंह,सूबेदार नंदराम,हवलदार सुमन सिंह,राजू कमांडो,रामगोपाल सैनी,महावीर सिंह,संतोष सिंह,रामगोपाल सैनी आदि मौजूद थे।

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर 'दूध महोत्सव' का आयोजन

## युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

**सीकर ( हुक्मनामा सामाचार )।** नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सीकर व्यापार मंडल की ओर से जाट बजार में एक अनूठा 'दूध महोत्सव' आयोजित किया गया। सीकर व्यापार संघ की ओर से जिला प्रभारी एवं समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में दूध महोत्सव का आयोजन किया गया पालवास महंत श्री चंद्रमा दास जी महाराज लोहागल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य जी महाराज के सानिध्य में एवं राधेश्याम पारीक की अध्यक्षता में महोत्सव मनाया गया।सीकर व्यापार मंडल की ओर से जिला प्रभारी एंव समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह 'दूध महोत्सव' का आयोजन इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के नशे की ओर



बढ़ते कदमों को रोकना था। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी इस महोत्सव के माध्यम से युवाओं को दूध जैसे पौष्टिक पेय के महत्व से जोड़ते हुए नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आगाह किया गया। कार्यक्रम में व्यापक संख्या में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प को दोहराया। इस पहल को समाज के सभी वर्गों से सराहना मिल रही है।युवा शक्ति ही देश की ताकत है। 'युवा वह शक्ति है जो समाज को दिशा देती है।

नशा इस शक्ति को कमजोर करता है। आइए, नशे से दूर रहकर अपने सपनों, परिवार और देश के लिए मजबूत कदम बढ़ाएँ।' राजवीर शेखावत ने महोत्सव में पधारे लोगों का आभार व्यक्त किया । इस दौरान पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता शर्मा, दीपिका शर्मा, बाबू सिंह बाजोर, रामप्रसाद मिश्रा, गोविंद सिंह, राजकुमार जोशी, नारायण सिंह, सोनू सोनी, अशोक घोड़ी वाला, मुकेश चंदपुरा सहित अन्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने संपर्क पोर्टल व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**झुंझुनूं ( हुक्मनामा सामाचार )।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपर्क पोर्टल एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आमजन से प्राप्त परिवादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।कलेक्टर डॉ. गर्ग ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में कृषि विभाग द्वारा खाद एवं बीज की उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आगामी कृषि सीजन को देखते हुए पर्याप्त भंडारण, समय पर आपूर्ति एवं कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डॉ. गर्ग ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## बाईपास पर पोष बड़े के आयोजन के साथ नव वर्ष का स्वागत



**सीकर ( हुक्मनामा सामाचार )।** नव वर्ष 2026 का स्वागत धोद बाईपास चौराहे पर धार्मिक आयोजन बुधवार को जानकी मार्बल मंडी में पारंपरिक पोष बड़े के साथ नए वर्ष में सभी की खुशहाली की कामना की गई ।मंडी के संचालक राकेश कालेर ने बताया कि मलमास में प्रतिवर्ष धोद बाईपास चौराहे के व्यापारियों द्वारा यह आयोजन किया जाता है। इस परंपरा के तहत इस बार जानकी मार्बल मंडी के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लड्डू गोपाल के हलवे व पोष बड़े का भोग लगाया गया और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता गिठाला, पूर्व विधानसभा धोद कांग्रेस के उम्मीदवार जगदीश दानोदिया, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र गिठाला, सिहोट सरपंच झाबर सिंह ओला, भाजपा नेता सीताराम खीचड़ सहित अनेक व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बगड़ क्रिकेट एकेडमी जालान क्रिकेट ट्रॉफी की लगातार तीसरी बार विजेता

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा सामाचार )।** समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से आयोजित 39वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में हुए फाइनल मैच में बगड़ एकेडमी झुंझुनूं ने नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर को हराकर लगातार तीसरी बार ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते राजवीर सिंह राठौड़ के 62 रन और धीरज महर्षि के 52 रनों की आक्रामक पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 193 रन बनाए । इसके जवाब में रोमांचक मैच में बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनूं ने नवीन चौधरी के धुआंधार 85 रन की पारी की बदौलत 5 विकेट खोकर विजयी लक्ष्य अर्जित कर लिया । बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनूं के नवीन चौधरी को 85 रन रन बनाने और 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया । इस अवसर पर डीवाईएसपी इंसार अली ने कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत से ही खिलाड़ी अपने जीवन में सर्वोच्च लक्ष्य को हासिल कर सकता है । जिला



खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने लगातार 39 साल से जालान ट्रॉफी के निरंतर आयोजन के लिए सोसायटी को साधुवाद दिया । डीसीए के संयुक्त सचिव जगदीश शर्मा ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को शानदार खेल के लिए बधाई दी । निदेशक रघुनंदन धरेंद्र और चंद्रप्रकाश कोका ने शाब्दिक स्वागत किया । अतिथियों का सोसायटी के कन्हैयालाल चौमाल, जसकरण गौड़, विष्णुदत्त धर्ड, दौलतराम पोद्दार, खींवाराम शर्मा, सचिन विरमानी, राकेश नायक, त्रिभुवन धरेंद्र, देवीसिंह पंवार, पवन सोलंकी, मो इमरान, नसीर पठान ने माल्यार्पण से स्वागत किया । कार्यक्रम में विजेता बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनूं को विजेता ट्रॉफी और 50,000 रूपये, उप विजेता नारायणा क्रिकेट एकेडमी जयपुर को ट्रॉफी और 25,000 रूपये तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शुभम् शर्मा स्पार्टन क्लब रतनगढ़ को ट्रॉफी और 5,000 रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया । वरिष्ठ खिलाड़ी दीनदयाल सारस्वत चूरू का क्रिकेट के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अभिनंदन किया गया । अंपायर सुरेन्द्र सिंह धायल, अमित शर्मा, स्कोरर दीपक स्वामी तथा सभी सहयोगियों को भी सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

## कोचर ने प्रथम रैंक हासिल की

**बीकानेर ( हुक्मनामा सामाचार )।** बीकानेर से बुधवार को बड़ी खबर मिली कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बड़ी सफलता। डॉ. ऋषभ कोचर ने आरपीएससी में 1प्रथम रैंक हासिल की।सहायक आचार्य पद पर चयनित होने पर शुभकामनाओं का दौर। डॉ. ऋषभ कोचर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय कोचर के पुत्र हैं। बीकानेर के गणमान्य लोगो सहित परिवार और शुभचिंतकों ने दी बधाई, कई डॉक्टरों व गणमान्य लोगों ने भी दी बधाई।

## युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बयाना ( हुक्मनामा सामाचार )।** कोतवाली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक युवती के अश्लील फोटो वायरल करने और धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रुदावल थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मबाद निवासी रवि पुजारी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से मामले से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जब्त किए हैं। थानाधिकारी रामगिलास गुर्जर ने बताया कि 30 मई को एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी रवि ने उसकी बहन की अश्लील तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थीं। साथ ही, उसने इन तस्वीरों को अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वायरल करने की धमकी दी थी। पुलिस ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज किया। इसके बाद, तुरंत जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपी रवि पुजारी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

नया वर्ष लाया प्रदेश के लिए उम्मीदों का नया सूरज

# सौर शक्ति से सशक्त राजस्थान-आत्मनिर्भर राजस्थान

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के त्वरित एवं दूरदर्शी निर्णयों से राजस्थान की सोलर हब के रूप में बन रही वैश्विक पहचान**

**प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता हुई 35 हजार मेगावाट से अधिक, महंगी बिजली से मिल रही राहत**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नववर्ष का सूरज प्रदेश के लिए नई उम्मीदों की किरणें लेकर आया है। विषम भौगोलिक हालात व मौसम के प्रचण्ड प्रकोप की मार झेलने वाला राजस्थान अब सूरज के विकास रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रहा हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में आमजन के घर सूर्यघर बन रहे हैं। सौर ऊर्जा से मिल रहे पानी से खेतों में सिंचाई हो रही है। बढ़ती सौर ऊर्जा क्षमता के साथ देश में नम्बर वन राज्य के रूप में राजस्थान नए साल में प्रवेश कर रहा है।

**दो साल में 18 हजार मेगावाट बढ़ी स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता** राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण सौर ऊर्जा के लिए सबसे उपयुक्त राज्य माना जाता है। वर्तमान में प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 35 हजार 910 मेगावाट पहुंच चुकी है, जो देश की कुल सौर क्षमता का लगभग 27 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में 18 हजार मेगावाट से अधिक की वृद्धि हुई है। भूमि पर लगी देश की 1 लाख मेगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में से 31 हजार मेगावाट का योगदान राजस्थान का है। राजस्थान इस प्रगति से देश के सोलर हब के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

## ऊर्जा संकट से ऊर्जा सरप्लस की ओर

**ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब राजस्थान को कोयले की किल्लत के कारण बिजली संकट का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष में 320 दिन मिल रहे सूर्य के प्रकाश को प्रदेश का ऊर्जा परिदृश्य बदलने का जरिया बनाया। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तेजी से नीतिगत निर्णय किए गए, निवेश में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया और भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया। इससे परियोजनाएं समय पर पूरी होने लगी जिससे दो साल में ही प्रदेश की सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ कर दोगुनी हो चुकी है और राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।**

**पीएम कुसुम और पीएम सूर्यघर योजना में भी राजस्थान की रही धाक** विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पीएम कुसुम योजना और पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि पीएम कुसुम में स्थापित ऊर्जा क्षमता दो साल में 122 मेगावाट से बढ़कर 2629 मेगावाट हो गई। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत प्रदेश की गांव-ढाणियों में 2 हजार 629 मेगावाट क्षमता से अधिक की ग्रिड कनेक्टेड 1 हजार 201 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

# सी.एस.एफ. सी.पी. टीकाकरण अभियान के तीसरे राउण्ड का दूसरा चरण एक जनवरी से एक फरवरी तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन विभाग द्वारा राजस्थान में शूकरों में होने वाले संक्रामक एवं घातक रोग क्लासिकल स्वाइन फीवर की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से एक जनवरी से राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में चलाया जाएगा। निदेशक पशुपालन, डॉ सुरेशचंद मीना ने सभी जिलों को निर्धारित समयावधि में जिले में अवस्थित शूकर वंशीय पशुओं में सी एस एफ टीकाकरण कार्य सम्पादित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्लासिकल स्वाइन फीवर एक संक्रामक वायरल रोग है जिससे शूकरों में मृत्यु दर अधिक होती है और शूकर पालकों को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी सुअर पालकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने सुअरों का समय पर टीकाकरण कराएं जिससे बीमारी के प्रसार को रोका जा सके और सुअरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।


















# भगवान श्री राम के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुजारी महासंघ की ओर से निकाली गई श्री राम ध्वज यात्रा

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रातः 11:00 बजे राजस्थान पुजारी महासंघ की ओर से श्री राम के अयोध्या में राम मंदिर का दूसरा स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशाल श्री राम ध्वज यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी श्रद्धा उत्सव पूर्वक बैंड बजे एवं डीजे के साथ श्रद्धालु बहन भाइयों ने हिस्सा लेकर इसे और भी सुंदर रूप दिया।

राजस्थान पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र पंडित ने बताया यह ध्वज यात्रा में शामिल लगभग सभी मंदिर पुजारियों ने सम्मिलित होकर अपना योगदान दिया और यह ध्वज यात्रा त्रिपोलिया गेट से विधिवत पूजन अर्चना करके शहर के मुख्य बाजार बजाजा बाजार ,होप सर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार होते हुए राज ऋषि अभय समाज के प्रांगण में पहुंची। इस ध्वज यात्रा का स्वागत मुख्य बाजारों में संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं माल्या अर्पण करके किया गया।




इस ध्वज यात्रा के समापन पर राज ऋषि अभय समाज में संगीत मय हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हुआ। आए हुए सभी मुख्य अतिथि सहित अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इसमें राज ऋषि अभी समाज के जाने-माने कलाकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित कलाकार श्री अमृत खत्री का भी स्वागत किया गया।

इस संपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज से पधारे गणेश प्रसाद मिश्रा और अति विशिष्ट अतिथि विशंभर दयाल वशिष्ठ अध्यक्ष ब्राह्मण समाज एवं जयपुर से पधारे संजय कौशिक रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग सभी मंदिरों के पुजारी सर्व श्री रघुवीर स्वामी महेश चंद शर्मा ,प्रदीप शर्मा, योगानंद शर्मा ,कनक चंद शर्मा, श्यामलाल शर्मा, देवराज शर्मा, योगेश चंद शर्मा रमाकांत शर्मा विवेक गुरु ,मोनू शर्मा ,योगानंद शर्मा एवं कुमारी कंचन शर्मा तथा राज ऋषि अभय समाज स्थित मंदिर भरतरी धाम के पुजारी महेश चंद्र शर्मा रहे । मंच संचालन बड़े ही सुंदर और ढंग से मोहित पंडित ने किया ।

## पोष बड़ा महोत्सव आयोजित




**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** लायन्स क्लब प्रेरणा के तत्वावधान में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन लायन विरेंद्र कुमार बुनकर के आर्थिक सौजन्य से स्थानीय घंटाघर के पास स्टाल लगाकर मलमास में शहर व देहात वासियों के साथ विभिन्न प्रकार के बड़े व पकोड़े खिलाकर पोस उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष- सन्दीप कन्दोई, सचिव - रितेश लुंडिया,कोषाध्यक्ष - ओमप्रकाश चौहान, सुनील चोटिया,भंवरलाल शर्मा,जयाकांत बिंवाल,साबिर अली नजमी, सुधीर शर्मा,रवी सरावगी,भारती मुदगल,रुकमणी देवी बुनकर, राम अवतार ठठेरा, कमल गोयनका, प्रहलाद जैसेल, सोनू माली,लालचंद गुर्जर,जितेंद्र बुबना आदि उपस्थित थे।

## अणुव्रत कैलेंडर 2026 का वितरण प्रारंभ



**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में चल रही योगक्षेम संगठन यात्रा आगामी 4 जनवरी को दोपहर में रतनगढ़ पहुंचेगी । यात्रा कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति के संदर्भ में अणुव्रत समिति की बैठक आज बुधवार को स्थानीय तेरापंथ भवन में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के मंत्री नरेंद्र स्वामी ने संगठन यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि संगठन यात्रा के माध्यम से अणुव्रत आंदोलन के कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर उत्साह में अभिवृद्धि करने के लिए अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ कुसुम लूनिया और सोसायटी के अंतरराष्ट्रीय संगठन मंत्री जय बोहरा द्वारा विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक के पश्चात् समिति के पदाधिकारियों ने अणुव्रत कैलेंडर 2026 के वितरण का शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी मिथिलेश कुमार को कैलेंडर भेंटकर किया, तत्पश्चात मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, तहसीलदार पूजा पारीक व बी डी ओ जगदीश व्यास को भी अणुव्रत कैलेंडर भेंट किए गए। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद , सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य, वेदप्रकाश चौधरी , दौलतराम दायमा आदि उपस्थित थे।

## नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य से उकेरा भावनाओं का कैनवास



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सतरंगी रोशनी, मंच पर थिरकते नन्हे कदम और तालियों से गूंजता आरआईसी का ऑडिटोरियम। अवसर था शहर के गोल्डन एरा अकेडमी के वार्षिक उत्सव का।

जहां मंच पर कक्षा दो तक के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न लेवल के विद्यार्थी ने एक से बढ़ाकर एक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। 'तुम हम से दुखी, हम तुम से दुखी.., मां तुझसा कोई नहीं...', पापा मेरी जान.., चक धूम धूम.., एक दूसरे से करते है प्यार हम..' जैसे गानों पर सामूहिक नृत्य कर विद्यार्थी ने मौजूद सभी परिजनों को भावुक कर दिया।

## नदबई के कुम्हेर रोड पर अन्नकूट प्रसादी महोत्सव का हुआ आयोजन

# 2 क्विंटल बाजरे व कढी से बनी प्रसादी की विधिवत पूजा अर्चना कर की वितरित

**नदबई ( हुक्मनामा समाचार )।** में मंगलवार को कुम्हेर रोड स्थित मुख्य बाजार में शुसील कुमार जैन के नेतृत्व में दुकानदारों द्वारा विशाल अन्नकूट प्रसादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर पूरे बाजार में सुबह से ही उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा।



**विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई शुरुआत-** अन्नकूट महोत्सव की शुरुआत भगवान को विधिवत भोग अर्पित कर की गई। पूजा-अर्चना के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भोग अर्पण के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच अन्नकूट प्रसादी वितरण का शुभारंभ किया गया।

**2 से 3 क्विंटल बाजरे से तैयार हुई प्रसादी-** इस अवसर पर करीब 2 से 3 क्विंटल बाजरे से अन्नकूट प्रसादी तैयार की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि सभी को प्रसादी आसानी से मिल सके। स्वादिष्ट और पवित्र भाव से बनाई गई प्रसादी को श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया।

**आसपास के क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु-** अन्नकूट महोत्सव की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते मुख्य बाजार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

हजारों लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर शांतिपूर्वक अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

## 2 एक्सकेवेटर एवं 4 डम्पर जब्त किये



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार ने अरावली जिलों में 15 जनवरी 2026 तक अवैधखनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष संयुक्त चौकिंग अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार 30 दिसम्बर 2025 को टोंक जिले की तहसील निवाई के ग्राम संग्रामपुरा में खनिज साधारण मिट्टी के अवैध खनन किया जाकर खनिज का उपयोग रेलवे लाईन के दोहरीकरण में उपयोग किया जाने की शिकायत पर तहसीलदार, निवाई, खनन विभाग के देवेन्द्र सिंह चौधरी मय बॉर्डर होमगार्ड, पुलिस जाब्ता एवं राजस्व अधिकारियों के साथ शिकायत स्थल का निरीक्षण किया गया।

मौके पर ग्राम संग्रामपुरा के खसरा संख्या 94 किस्म गैर मुमकिन तालाब में 3 अलग-अलग पिटों में खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन होना पाया गया। अवैध खनन में लिप्त पाये जाने पर 2 एक्सकेवेटर एवं 4 डम्पर जब्त किये गये तथा मौके से खनित खनिज साधारण मिट्टी मात्रा लगभग 40,059 टन पर नियमानुसार शास्ती राशि वसूली की कार्यवाही की गई।

## राघव शर्मा ऊभरते से शतरंज के खिलाड़ी

**पिलानी( हुक्मनामा समाचार )।** भारत की राजधानी दिल्ली में शतरंज खेल प्रतियोगिता का प्रदेश लेवल पर भव्य विशाल आयोजन आयोजित हुआ शतरंज प्रतियोगिता इंटरनेशनल स्टार का आयोजन दिल्ली प्रदेश पर लगभग 800 प्रतियोगियो ने भाग लिया शतरंज खेल प्रतियोगिता में राजस्थान को गौरवान्वित करने का जुम्मा राघव शर्मा ने बहुत ही उत्साह पूर्वक खेल खेलते हुए संपूर्ण खिलाड़ियों में तीसरा स्थान पाकर पिलानी झुंझुनू राजस्थान को गोरांवित की किया कार्यक्रम के संदर्भ में ख्याति प्राप्त डॉ नीर शर्मा डॉ बसंत शर्मा ने विनायक डेंटल अस्पताल बताया कि राघव विषय तीन माह से निरंतर खेल प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा था कोच शतरंज कोच अश्विनी अग्रवाल ने बताया कि आज के भागम भाग की जिंदगी में 20 वर्ष के कम उम्र के छात्र-छात्राओं में खेल प्रतियोगिता के प्रति रुझान बड़ा है आने वाले समय में यह खिलाड़ी संपूर्ण भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पुस्तकें साहित्यिक संवाद को जीवंत रखती हैं : डॉ. सत्यनारायण




**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** कलमकार मंच और पिंकसिटी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में चार लेखकों की नई कृतियों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार दिनेश ठाकुर के ग़ज़ल संग्रह 'ख़ामोशी इक मुश्किल फ़न है', राजेश शर्मा के उपन्यास 'अत्रैव घुश्मेश्वर: यहीं है घुश्मेश्वर', भागचन्द गुर्जर के नाट्य संग्रह 'ऊपरी हवा और अन्य नाटक' तथा इन्दु सिन्हा 'इन्दु' के कहानी संग्रह 'डिजिटल युग का डोकरा' का लोकार्पण हुआ।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ कथाकार डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि ऐसे साहित्यिक मंच नई पुस्तकों के माध्यम से पढ़ने की संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं और साहित्यिक संवाद को निरंतर जीवंत बनाए रखते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार फारुक आफरीदी ने पुस्तकों की सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति और आयोजन की सराहना की। वहीं वरिष्ठ आलोचक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने लेखक-प्रकाशक संबंधों में पारदर्शिता और पारस्परिक विश्वास की आवश्यकता पर जोर दिया।

वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार विनोद भारद्वाज ने राजस्थान के साहित्यिक परिदृश्य में कलमकार मंच की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। चरणसिंह पथिक ने नई पुस्तकों के आगमन को साहित्यिक उत्सव की संज्ञा दी। कार्यक्रम में पुस्तकों पर समीक्षात्मक टिप्पणियां भी प्रस्तुत की गईं। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने स्वागत और महासचिव ने आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार और पाठक समारोह में उपस्थित रहे।

## श्री विजयनगर ग्राम पंचायत मोकामावाला यथावत रहने पर ग्रामीणों ने किया धन्यवाद ज्ञापन



**श्री विजयनगर ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्राम पंचायत मोकामावाला को यथावत बनाए रखने के निर्णय पर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने एमएलए निवास श्री विजयनगर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भारत सरकार के केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया तथा इस निर्णय में सहयोग के लिए क्षेत्र के पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा का माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया। व धन्यावाद व्यक्त किया ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत मोकामावाला के यथावत रहने से गांव के विकास कार्यों, प्रशासनिक सुविधाओं और जनहित से जुड़े कार्यों को मजबूती मिलेगी। इस निर्णय से समस्त ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रमुख लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में जनहित में लिए गए इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

## आज दूध पिलाकर किया जायेगा नव वर्ष का स्वागत

**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** नव वर्ष पर वैसे तो लोग अपने अपने तरीके से नव वर्ष का जश्न मनाते हैं। जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता वेदप्रकाश पारीक अपनी टीम के साथ 18 वर्षों से अनवरत नव वर्ष पर जमवारामगढ़ बस स्टैंड पर युवाओं को दूध पिलाकर नव वर्ष का स्वागत करते हैं। वेदप्रकाश पारीक ने बताया की वर्ष 2026 में भी वे अपनी टीम के साथ जमवारामगढ़ बस स्टैंड पर सुबह 9 बजे से युवाओं को दूध पिलाकर नव वर्ष का स्वागत करेंगे ओर लोगों से शराब छोड़कर दूध पीने की अपील करेंगे।

## इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में रचा इतिहास, जीते 110 गोल्ड मेडल

### कार्तिक शर्मा ने ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल कर लैपटॉप जीता

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** यूनिफाइड इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड में प्रिंस एजुहब के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए रिकॉर्ड 110 गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं। संस्थान के पीसीपी प्री-फाउंडेशन के छात्र कार्तिक शर्मा ने इस ओलंपियाड में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक प्राप्त कर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए एक लैपटॉप पुरस्कार स्वरूप दिया गया है इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अंग्रेजी भाषा की दक्षता बढ़ाकर उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इस प्रतियोगिता में देशभर के हजारों छात्र हिस्सा लेते हैं। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रिंस एजुहब के निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा और मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने सभी पदक विजेताओं एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

## कृषि यंत्र तैयार किया जो कोहे (धुंध) से करेगा पानी तैयार

**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** गांव 2 बीबीए राज मिस्त्री अंग्रेज सिंह पुत्र दयालराम ने एक ऐसा अविष्कार कर कृषि यंत्र तैयार किया जो कोहरे ( धुन्ध ) से पानी तैयार करने की क्षमता रखने वाला जो ऑटोमेटिक सिस्टम से बंद हो जाएगा । इस यंत्र को देखने के लिए काफी संख्या में लोग अंग्रेज सिंह से मुलाकात कर उक्त यंत्र की विशेषताओं से रूबरू होकर नवीन तकनीक का स्वागत कर खुशी व्यक्त कर बता रहे हैं कि आधुनिक भारत के उज्जवल भविष्य के लिए 2 सालों के कड़े परिश्रम से अंग्रेज सिंह ने इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में उपलब्धि अर्जित कर प्रशंसिया कार्य से जिले में एक अलग पहचान बनाई है , अंग्रेज सिंह ने बताया की उक्त यंत्र के अलावा एक ऐसा आधुनिक प्रोजेक्ट तैयार कर रहे है जो कचरे से लाएगा क्रांति ,वेस्ट मटेरियल का बिना प्रदूषण से होगा निस्तारण ,अंग्रेज सिंह ने बताया कि इसके अलावा भी अनेक योजनाओं पर प्राथमिकता से काम चल रहा है।

कोहरे ( धुन्ध ) से पानी तैयार करने की क्षमता रखने वाला कृषि यंत्र नूरसर बारानी 29 बी बी पश्चिम की ओर पर लगाए गए इस प्लांट का शीघ्र ही शुभारंभ होने वाला है किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि अंग्रेज सिंह ने पूर्व मे प्लास्टिक की बोतलों से शानदार घर , ऑटोमेटिक वाटर पंप सहित अन्य आधुनिक उपकरणों का निर्माण कर चुके है।

# कोलवा थाना में सीएलजी व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** तहसील मुख्यालय क्षेत्र के गांव कोलवा स्थित पुलिस थाना कोलवा में थाना अधिकारी एसएचओ रामशरण गुर्जर (सीआई) की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों, सुरक्षा सखियों, क्षेत्र के नामित व्यक्तियों एवं ग्राम पंचायतों के सरपंचों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी नववर्ष, मकर संक्रांति, गणतंत्र दिवस सहित अन्य त्यौहार एवं राष्ट्रीय पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही कोलवा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, अवैध खनन की रोकथाम, राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

थाना अधिकारी ने बैठक में उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों की जानकारी दी और आमजन से नियमों की पालना करने की अपील की। साथ ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग करने का आह्वान किया गया।बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों से पुलिस व्यवस्था एवं थाने में पदस्थापित कार्मिकों के व्यवहार को लेकर सुझाव भी मांगे गए, जिस पर सभी सदस्यों ने पुलिस कर्मियों के अच्छे व्यवहार एवं कार्यशैली की सराहना की।

## बस्ती में कंबल-राशन वितरण, एकता का दिया संदेश

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** बजाज ग्राम सांवली स्थित मेडिकल कॉलेज के पास हरिजन बस्ती में बुधवार को जरूरतमंदों को कंबल, राशन, वस्त्र एवं प्रसाद वितरित किए । इस कार्यक्रम का आयोजन वासुदेव जन कल्याण सेवा समिति के संयोजक पंडित महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कथावाचक धर्मेंद्र शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर की। शास्त्री ने सनातन एकता का संदेश देते हुए कहा, 'जाति-पाती में मत बंटो। जब दीपक ही नहीं बचेगा, तो बाती का क्या करोगे?' उन्होंने बस्ती के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धर्म से जुड़ने का भी आवाहन किया।कार्यक्रम में बस्ती के प्रत्येक घर को कंबल, राशन, वस्त्र दिए गए और प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर विष्णु भार्गव, विजेंद्र नरूका, गोसेविका ज्योति तनवानी, सुमित्रा शर्मा, देवीलाल सेन, हिमांशु शर्मा, अजय शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# आर डी 465 स्थित यूरिया केंद्र पर यूरिया पहुंची, किसानों की लगी लंबी लाइन



यूरिया के लिए लबी लाईन लगी।

**बीकानेर (हुक्मनामा सामाचार)।** बीकानेर जिले की छतरगढ़ तहसील के आर डी 465 स्थित यूरिया वितरण केंद्र पर बुधवार को यूरिया खाद की खेप पहुंचते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे क्षेत्र में खाद वितरण को लेकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

किसानों ने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के बाद इस समय यूरिया की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन सीमित मात्रा में खाद आने के कारण सभी किसानों को पर्याप्त यूरिया मिल पाना मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि जो भी यूरिया केंद्र पर आया है, उसका वितरण विभाग द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि हर जरूरतमंद किसान तक खाद पहुंच सके।

किसानों ने आशंका जताई कि यदि वितरण व्यवस्था सख्त नहीं रही तो कालाबाजारी और पक्षपात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कृषि विभाग से मांग की कि वितरण प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी जाए।

किसानों ने यह भी आग्रह किया कि क्षेत्र में यूरिया की अतिरिक्त आपूर्ति शीघ्र कराई जाए, ताकि उन्हें बार-बार लाइन में लगकर परेशानी का सामना न करना पड़े और फसलों को समय पर पोषण मिल सके।

इससे पहले भाजपा देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कल मंगलवार को किसानों को यूरिया को लेकर कल कलेक्टर और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था आज बुधवार को सत्तासर और दामोलाई 465 यूरिया का वितरण किया जा रहा था कृषि विभाग के कर्मचारी मौके पर मौजूद थे उम्मीद है पूर्ण पारदर्शिता के साथ यूरिया वितरण किसानों को किया जाता रहेगा।

वहीं दूसरी तरफ बुधवार को ही खाजूवाला के पूगल में यूरिया की कालाबजारी की सूचना पर दबिश दी गई, पूगल एसडीएम दिव्या बिश्नोई पहुंचीं मौके पर थी।

## सोमानी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा कालवाड रोड स्थित सोमानी इंटरनेशनल स्कूल में 30-31 दिसंबर को ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित ग्रैंडपेरेंट्स डे कार्यक्रम मैं मंगलवार को कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ ना, नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए जैसी विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुति देकर वहां उपस्थित सभी का मन मोह लिया। ग्रैंडपेरेंट्स कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी व नाना -नानी ने भाग लिया एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा बच्चों सहित दादा-दादी व नाना-नानी को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से खेल खिलाए गए। विजेता प्रतिभागियों को निदेशक सुनील सोमानी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय बयाना में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू



**बयाना (हुक्मनामा सामाचार)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय बयाना में बुधवार से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन महाविद्यालय की समस्त एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम की शुरुआत युवा शक्ति के प्रतीक स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक लेखाधिकारी भरत लाल मीना एवं एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा किया गया। इसके बाद शिविर के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण मीना ने शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संरक्षण एवं पर्यावरण शुद्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने श्रमदान कर सफाई कार्य किया और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाएं सोनिया, आरती, आयुषी, शिवानी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## अपराधियों का निकाला जुलूस


### महिला वेश में घुमाए गए आदतन बदमाश



**बीकानेर (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बीकानेर पुलिस ने सख्त और संदेशात्मक कार्रवाई की है। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में कोटगेट थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट, मारपीट, हत्या के प्रयास, धमकी, घरों में पत्थरबाजी व छेड़छाड़ जैसे मामलों में लिप्त पांच आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनका शहर में बुधवार की दोपहर को जुलूस निकाला।

पुलिस ने आरोपियों को महिलाओं के कपड़े पहनाकर सार्वजनिक रूप से घुमाया, ताकि समाज में यह स्पष्ट संदेश जाए कि नारी सम्मान से खिलवाड़,अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जुलूस के दौरान सीओ सिटी अनुज डाल, थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत सहित पुलिस के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा करने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

## जयपुर में राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत चित्रकला गतिविधि व जागरूकता रथ का आयोजन



**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** प्रदेशिक परिवहन विभाग द्वारा संचालित राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23 को जयपुर में सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग/चित्रकला प्रतियोगिता एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित रचनात्मक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रस्तुत कीं। बच्चों की कलाकृतियों के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग का पालन, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान एवं सुरक्षित वाहन संचालन जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 9:30 बजे अग्रवाल कॉलेज के बाहर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। यह जागरूकता रथ अग्रवाल कॉलेज से प्रारंभ होकर रामगंज बाजार, घाट गेट होते हुए हवा महल तक पहुँचा, जहाँ रथ के माध्यम से आमजन को हेलमेट एवं सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। मार्ग में बड़ी संख्या में नागरिकों ने रथ अभियान को देखा और जागरूकता संदेशों को सराहा।

कार्यक्रम में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर श्री प्रभात रंजन जी, श्री पवन कुमार जी, श्रीमती हीना वाधवानी जी, श्रीमती प्रेम सुधा कोठारी, श्रीमती पूजा सैनी, श्री दीपक कोठारी, दिव्यांशी वाधवानी एवं प्रियांशु वाधवानी सहित अभियान से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा को जीवन सुरक्षा से जोड़ते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी कई कीमती जिंदगियाँ बचा सकती है।

## बीजीके आईटीआई में खेलकूद सप्ताह का समापन



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** मुकुंदगढ़-मंडावा रोड स्थित बीजीके आईटीआई चूड़ी अजीतगढ़ में चल रहे खेलकूद सप्ताह का समापन हुआ।संस्थान प्राचार्य रजनीकांत शर्मा ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के अंतिम दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल, कैरम आदि प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले खेले गए एवं लांग जंप, हाई जंप, दौड़ एवं रस्साकशी की प्रतियोगिता आयोजित हुई।वॉलीबाल के फाइनल मैच में इलेक्ट्रीशियन जुनियर यूनिट 3 ने इलेक्ट्रीशियन जूनियर यूनिट 1 को, क्रिकेट के फाइनल मैच में इलेक्ट्रीशियन सीनियर यूनिट 3 ने इलेक्ट्रीशियन सीनियर यूनिट 1 को, कैरम के फाइनल मुकाबले में कृष्णा सैनी ने पारा कुमारी को तथा बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में आश्मा ने पारा कुमारी को पराजित किया।

बॉल स्टेप्स में शीला कुमारी प्रथम, कृष्णा सैनी द्वितीय एवं आश्मा तृतीय स्थान पर, लांग जंप में नवीन सिंह प्रथम, सूर्य प्रताप सिंह तथा वाहिद तृतीय स्थान पर, दौड़ में आबिद प्रथम, पियुष गुर्जर द्वितीय तथा देवकीनन्दन तृतीय स्थान, हाई जंप के मुकाबले में प्रवीण दुलड़ प्रथम, आबिद द्वितीय तथा हिमांशु सिंह व पियुष गुर्जर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।जबकि रस्साकशी में इलेक्ट्रीशियन सीनियर यूनिट 1 विजेता और इलेक्ट्रीशियन जूनियर यूनिट 1 उपविजेता रहे। म्यूजिकल चेयर मुकाबले में पारा कुमारी विजेता तथा सोनम कुमारी उपविजेता,लूडो में कृष्णा सैनी विजेता तथा अंजना उपविजेता रही। छात्राओं की दौड़ में कृष्णा सैनी प्रथम, आश्मा द्वितीय एवं गोमा सैनी तृतीय स्थान पर, लांग जंप में कृष्णा सैनी प्रथम, अंजना द्वितीय एवं आश्मा तृतीय स्थान पर रही। बीजीके शिक्षण संस्थान सचिव संदीप कुमार सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य रजनीकांत शर्मा, मुख्य लेखाकार गंगाधर सैनी, समूह अनुदेशक दीपेन्द्र सिंह, अनुदेशक रामप्रसाद सैनी, भरत सिंह, अरविन्द कुमार सानोदिया, मनीष सैनी, अजय कुमार नायक, मुकेश कुमार सानोदिया, इरफान खान, श्यामसुन्दर रोलन, ऋषिता चौधरी, पिंकी कुमारी, प्रवीण शर्मा आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## 'दो कदम तुम भी चलों, दो कदम हम भी चले '.... गीत संगीत संध्या कार्यक्रम आज शाम को

**बीकानेर (हुक्मनामा सामाचार)।** श्री विश्वकर्मा नाट्य संगीत कला संस्थान, बीकानेर द्वारा नये साल 2026 के अवसर पर 1 जनवरी गुरुवार की आज शाम को स्थानीय टाउन हॉल में सदाबहार फिल्मी गीतों पर आधारित 'दो कदम तुम भी चलो, दो कदम हम भी चले '.... गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

कार्यक्रम आयोजक एवं संस्था अध्यक्ष मेघराज नागल ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उधोगपति रामरतन धारणिया होंगे।अध्यक्षता संयुक्त रूप से बीकानेर दवा मेडिकल एसोसिएशन सचिव किसन जोशी एवं सखा संगम अध्यक्ष एनडी रंगा करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में समाज सेवी सुशील यादव, एनडी कादरी, बीजेपी नेता संगीता शेखावत, राधाकृष्णन सोनी मौजूद रहेंगे।

नागल बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली की सिंगर यास्मीन खान मुख्य गायिका की भूमिका में होगी। इस कार्यक्रम का समय शाम 5 से रात्रि 10 से तक रखा गया है।

साथ में बीकानेर के स्थानीय गायक कलाकार यास्मीन के साथ डुएट सोंग की प्रस्तुतियां देंगें। जिसमें मेघराज नागल, नारायण बिहाणी, रामकिशोर यादव, इंजीनियर कमलकांत सोनी, राधेश्याम ओझा, विक्रम सिंह पडिहार, संजीव एरन, अयोध्या प्रसाद शर्मा, दिव्यांशु अग्रवाल,उदय सिंह सहित आदि अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन इंजीनियर कमलकांत सोनी करेंगे।

## नोखा में ज्वेलर्स को धमकी

### 10 लाख की रंगदारी मांग

**बीकानेर (हुक्मनामा सामाचार)।** बीकानेर जिले के नोखा कस्बे में रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। जैन चौक स्थित अमर चंद ज्वैलर्स के संचालक रामदेव सोनी ने नोखा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार पिछली सोमवार की रात को दो गाड़ियों में सवार करीब आधा दर्जन युवक दुकान पर पहुंचे और 10 लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पीएम श्री विद्यालय सवाई माधोपुर में विद्यार्थियों ने सीखा हेल्थ केयर, अधिकारियों का किया ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर परीक्षण



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाई माधोपुर में व्यावसायिक शिक्षा गतिविधियों के अंतर्गत संचालित हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सिटी डिस्पेंसरी सवाई माधोपुर में उपस्थित अधिकारियों एवं स्टाफ का ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर परीक्षण कर हेल्थ केयर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं।

कार्यक्रम में संबलन कार्य के लिए पहुंचे एडीपीसी समसा दिनेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ हेल्थ केयर का व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो महिला सशक्तिकरण को भी मजबूती प्रदान करता है।

व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी प्यारे लाल मीना ने जानकारी दी कि हेल्थ केयर ट्रेड के समस्त विद्यार्थियों को सिटी डिस्पेंसरी लाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न चिकित्सा उपकरणों का उपयोग, जांच प्रक्रियाएं और स्वास्थ्य परीक्षण की तकनीकें सीखीं।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी (वोकेशनल) चन्द्रमोहन शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू, कौशल मित्र एवं प्रशिक्षक सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में वास्तविक अनुभव प्रदान करते हुए उनके भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया।

## पार्टनर ने भारतीय टू-व्हीलर्स के लिए मैकेनिक-टेस्टेड असली स्पेयर पार्ट्स लॉन्च किए

**जयपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** टू-व्हीलर स्पेयर पार्ट्स में 1 क्विक कॉमर्स प्लेयर पार्टनर ने आज देश भर में पार्टनर जेनुइन स्पेयर्स और लुब्रिकेंट्स लॉन्च करने की घोषणा की, जो कंपनी की ब्रांडेड टू-व्हीलर स्पेयर पार्ट्स और लुब्रिकेंट्स सेगमेंट में एंट्री है। नया पोर्टफोलियो भारत के टू-व्हीलर आफ्टरमार्केट में लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें खराब क्वालिटी, नकली पार्ट्स और बिखरी हुई सप्लाई चेन शामिल हैं - ये ऐसे मुद्दे हैं जो सीधे वर्कशॉप की प्रोडक्टिविटी और कस्टमर के भरोसे पर असर डालते हैं। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर तेज़ी से बाज़ार में आ रहे हैं, मैकेनिक अब एक और समस्या का सामना कर रहे हैं ओईएम नेटवर्क के बाहर भरोसेमंद ईवी स्पेयर पार्ट्स की कमी। पार्टनर के सीईओ विशाल दुबे ने कहा, 'आफ्टरमार्केट ने मैकेनिकों को बहुत लंबे समय से अवेलेबिलिटी और भरोसे के बीच चुनने के लिए मजबूर किया है।' 'पार्टनर जेनुइन स्पेयर्स और लुब्रिकेंट्स के साथ, हम इंटरनल कम्बशन इंजन और इलेक्ट्रिक व्हीकल दोनों पार्ट्स की एक स्टैंडर्ड, मैकेनिक-टेस्टेड सप्लाई ला रहे हैं - ताकि वर्कशॉप प्रोडक्टिविटी और कस्टमर कॉन्फिडेंस पर ध्यान दे सकें, न कि पार्ट्स की क्वालिटी की अनिश्चितता पर। '

## विद्यार्थी सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें-आत्रेय



**चूरू (हुक्मनामा सामाचार)।** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू के कक्षा 11 व 12 के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों का ओजीटी व इंटर्नशिप शिविर का निरीक्षण बुधवार को समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय ने किया। इस दौरान एडीपीसी ने विद्यार्थियों को भारतीय जीवन बीमा निगम व भारतीय डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी व्याख्याता संजू ने बताया कि 26 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक व्यावसायिक शिक्षा का यह 10 दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समसा के कार्यक्रम अधिकारी मनोज सोलंकी ने भी विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किये। प्रधानाचार्य रमेश पूनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विप्र प्रीमियर लीग-3 के तीसरे दिन टीम वशिष्ठ, चाणक्य तथा कौटिल्य ने जीत दर्ज की



**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा सामाचार)।** विप्र प्रीमियर लीग 3 के तीसरे दिन का पहला मैच टीम वशिष्ठ तथा टीम भारद्वाज के मध्य खेला गया। इस मैच के टॉस के बोस दीलीप तिवारी रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने तथा सभी कमेटी सदस्यों ने भगवान परशुराम के सामने दीप प्रज्वलन करके दिन की शुरुआत करी। टीम वशिष्ठ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और समस्त टीम ने अपने कप्तान के इस निर्णय को सही साबित किया और टीम के बल्लेबाज देवकीनंदन ने शानदार 35 रन की आतिशी पारी खेली जिससे टीम ने निर्धारित ओवरों में 147 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में उतरी टीम भारद्वाज ने अपनी पारी की बहुत ही सधी हुई शुरुआत की लेकिन बाद में टीम लड़खड़ा गई और टीम के बल्लेबाज राजीव को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक पाया जिस कारण से निर्धारित ओवरों में टीम 116 रन ही बना पाई और टीम वशिष्ठ ने यह मैच 31 रन से जीत लिया। मोहित त्रिवेदी को इस मैच का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दिन का दूसरा मैच टीम अगस्त्य तथा टीम चाणक्य के मध्य खेला गया इस मैच के टॉस के बोस घनश्याम जी शर्मा रहे। टीम चाणक्य ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन टीम की सलामी बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए लेकिन शैलेंद्र पाराशर तथा हिमांशु शर्मा ने अपनी पारी की बदौलत टीम को संभाला और हिमांशु शर्मा ने शानदार 63 रन की अर्धशतकीय की पारी खेली जिससे टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 147 रन बनाए।

जवाब में उतरी टीम अगस्त्य ने अपनी पारी की बहुत ही सधी हुई शुरुआत की और ओपनर बल्लेबाजों के आउट होने के पश्चात अंकित और हर्ष ने अपनी टीम को संभाला और दोनों ने ही धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी की लेकिन जैसे ही अंकित आउट हुए मैच बड़ा ही रोमांचक हो गया और अंत में टीम अगस्त्य निर्धारित ओवरों में 140 रन बना पाई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हिमांशु शर्मा रहे जिन्होंने शानदार 63 रन बनाए।